30 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 42




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxlilary Nurshing And Midwfery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का निधन

## प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया, हेमंत सोरेन पहुंचे रिम्स, परिजनों को सांत्वना दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का गुरुवार रात 12.30 बजे रिम्स में निधन हो गया। उनके भाई ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद बीते तीन दिन से रांची के रिम्स में मंगल मुंडा का इलाज चल रहा था। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिजनों को सांत्वना दी।

**खूंटी-तमाड़ रोड पर हादसा हुआ था:** मंगल मुंडा का 25 नवंबर की शाम खूंटी-तमाड़ रोड में रूताडीह के पास सड़क हादसा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरसा मुंडा के परिजन सहित कई लोग एक टाटा मैजिक के ऊपर बैठे थे। टाटा मैजिक गाड़ी जैसे ही मोड़ के पास पहुंची, अनियंत्रित होकर पलट गयी। इसी हादसे में मंगल मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए खूंटी से रांची भेजा गया था। डॉक्टरों के मुताबिक मंगल मुंडा के ब्रेन के दोनों तरफ खून के थक्के जम गये थे। चोट के कारण काफी खून भी बह गया था। उनका ऑपरेशन किया गया था।

**हेमंत-कल्पना मिलने गये थे:** मंगल मुंडा से मिलने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ 27 नवंबर को रिम्स गये थे। डॉक्टरों और परिजनों से उनका हालचाल जाना था। अस्पताल प्रबंधन को बेहतर इलाज के लिए आवश्यक निर्देश दिया था।



### सरकार हरसंभव करेगी मदद : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के असामयिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने रिम्स पहुंच कर दिवंगत मंगल मुंडा के पार्थिव शरीर पर पुष्प-चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें सांत्वना दी। परिजनों को राज्य सरकार के स्तर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

### 28 नवंबर की देर रात ली अंतिम सांस

डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाये हुए थी। सिर में गंभीर चोट की वजह से वह रिकवरी नहीं कर पाये। गुरुवार की देर रात 12:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगल मुंडा के छोटे भाई ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर अपने बड़े भाई के निधन की सूचना साझा की। मंगल मुंडा का शव शुक्रवार को रांची से उनके पैतृक गांव खूंटी के उलीहातू लाया गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। यहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



### रिम्स पर लापरवाही का आरोप, अब होगी जांच

रांची(आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा के निधन में रिम्स पर लापरवाही का आरोप लगा है। अब मामले की जांच के लिए कमेटी बनायी गयी है। दरअसल मंगल मुंडा के भाई जंगल सिंह मुंडा ने बताया था कि हम लोग करीब 7 घंटे तक इलाज के लिए रिम्स के बाहर बैठे रहे। बेड और इलाज नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हादसा 25 नवंबर को हुआ था। हम लोग रात 10 बजे रिम्स पहुंचे थे। वहां ट्रॉली मैन से कहा कि ऑक्सीजन वाला बेड चाहिए। उसने कहा कि बेड खाली नहीं है। डॉक्टरों ने इमरजेंसी में भी भर्ती नहीं किया। एंबुलेंस में ही मंगल मुंडा को ऑक्सीजन लगाया गया। एंबुलेंस में दो ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर आये थे। वे रातभर एंबुलेंस में रहे, डॉक्टरों ने उनकी जांच तक नहीं की। 26 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने किसी को फोन किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगल मुंडा के इलाज के लिए निर्देश दिये। उसके बाद रिम्स के डॉक्टरों ने उनकी जांच शुरू की। उधर, रिम्स सेंट्रल इमरजेंसी में भर्ती में देरी की मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान भी लिया गया है। रिम्स प्रबंधन ने इस मामले की जांच कराने का फैसला लिया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं। सेंट्रल इमरजेंसी के प्रभारी को जांच निष्कर्ष जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा गया है।

### आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति: नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार और झारखंड के आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे। ओम शांति!

### मंगल मुंडा का निधन बेहद दुखद: राज्यपाल



राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन की खबर बेहद दुखद है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे।

### मंगल मुंडा का असामयिक निधन दुखद : बाबूलाल मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंगल मुंडा जी का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। सड़क दुर्घटना के बाद जिस तरह से उन्हें इलाज के लिए तड़पना पड़ा, वह हमारी व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करता है। इतनी नाजुक स्थिति में भी उन्हें ट्रॉमा सेंटर में समय पर बेड नहीं मिला। इलाज शुरू करने में भी 10 घंटे की देरी हुई। यह स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र की बड़ी विफलता है।

### मंगल मुंडा का निधन अत्यंत दुखद : संजय सेठ



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। कहा, समाचार सुनकर हृदय व्यथित है। उनका जाना झारखंड सहित पूरे जनजातीय समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

## न्यूज रील्स

### शिवसेना ने सीएम के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांगा

मुंबई । महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने को लेकर पेच फंस गया है। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना मुख्यमंत्री पद के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांग रही है। इसलिए मुंबई में शुक्रवार को होने वाली महायुति (भाजपा+शिवसेना शिंदे गुट+एनसीपी अजित पवार) की अहम बैठक टाल दी गयी। सूत्रों के मुताबिक कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अचानक सातारा चले गए हैं। अब महायुति की बैठक 1 दिसंबर रविवार को होने के आसार हैं। रविवार सुबह तक भाजपा के 2 पर्यवेक्षक दिल्ली से मुंबई आयेंगे। इनकी मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की मीटिंग होगी। इसमें 2 ऑब्जर्वर्स की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जायेगा। भाजपा मराठा चेहरे पर भी विचार कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उसके बाद 5 दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

## जो एक दशक से सत्ता से दूर हैं, वो जनता पर गुस्सा निकाल रहे : मोदी

**प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत का श्रेय दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से तीन दिन के ओड़िशा दौरे पर हैं। भुवनेश्वर में उन्होंने कार्यकार्ताओं को संबोधित किया और हालिया विधानसभा चुनावों और उपचुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय उन्हें दिया। मोदी ने कहा कि पहले भाजपा ने ओड़िशा में जीत दर्ज की, फिर हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में। ये भाजपा की विशेषता है और भाजपा कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। यह पहला मौका है जब कोई पीएम राज्य में तीन दिन तक रुकेगा। उन्होंने कहा कि ओड़िशा के लोगों का स्नेह और अपनापन मेरे लिए बहुत ही यादगार पल हैं।


मोदी ने कहा कि जो सत्ता को जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, वो अपनी हार का गुस्सा जनता पर निकाल रहे हैं। मोदी ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है। राजनीतिक दल अपनी बात जनता के बीच पहुंचाने के लिए आंदोलन भी करते रहते हैं, लेकिन ये सब लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा में रह कर किया जाता है। पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव आपने महसूस किया होगा। भारत के संविधान की भावनाओं को कुचला जा रहा है, लोकतंत्र की सारी मान-मर्यादाओं को अस्वीकार किया जा रहा है।

## संसद की कार्यवाही चार दिन में कुल 40 मिनट चली

**विपक्ष ने अडाणी और संभल पर सरकार को घेरा, 2 दिसंबर तक कार्यवाही स्थगित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी। चार दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बैठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ। शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लोकसभा की कार्यवाही सोमवार, 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी गयी। उधर, राज्यसभा में विपक्षी सांसदों की लगातार नारेबाजी के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही भी 2 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी।




## हेमंत सोरेन की रणनीति की चर्चा विपक्ष भी कर रहा

# इस बार विपक्ष को कोई मौका नहीं देने जा रहे मुख्यमंत्री

**अकेले शपथ और तत्काल निर्णय पर विपक्ष चुप्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रणनीति की चर्चा विपक्ष में भी होने लगी है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि विपक्ष पहले ही कमजोर हो गया है, अब तो हेमंत भी सरकार को घेरने का कोई मौका देनेवाले नहीं हैं। यह उन्होंने अकेले शपथ और तत्काल निर्णय लेकर दिखा दिया है। यही कारण है कि विपक्ष की ओर से अकेले शपथ लेने या कैबिनेट के फैसले समेत अन्य निर्णय पर कोई प्रहार नहीं किया जा रहा। विपक्षी चर्चा करने लगे हैं कि विधानसभा के अंदर आंकड़े में हम पहले ही कम हैं, पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा है। उधर, हेमंत का कद लगातार बढ़ता जा रहा। ऐसे में भविष्य में भी शायद ही सरकार को किसी मुद्दे पर बहुत अधिक घेरने का मौका मिल पाये।

**एक तीर से कई निशाना साधा:** गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हेमंत ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं को बुला कर एकजुटता का एहसास कराया। वहीं, 10 मिनट के कार्यक्रम में राज्य के हर जिले से हजारों लोगों को रांची में जुटा कर अपनी ताकत को दिखा दिया। उनके साथ किसी ने भी मंत्री पद के लिए शपथ नहीं ली। राजनीतिक गलियारे में इस बात की चर्चा जोरों पर है। कहा जा रहा है कि यह हेमंत की रणनीति का हिस्सा है। वह चाहते तो कम से कम झामुमो कोटे के कुछ विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिला सकते थे, लेकिन इंडिया गठबंधन की एकजुटता को दिखाने के लिए उन्होंने ऐसा नहीं किया। इससे विपक्ष को गठबंधन पर कोई कटाक्ष करने का मौका नहीं मिला। उधर, कांग्रेस-राजद में मंत्री पद तय होना है, इसलिए वह इंतजार कर रहे हैं। इससे इंडिया गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस और राजद भी खुश हैं कि उन्हें मान-सम्मान मिल रहा है।

### घोषणा को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया

राजनीतिक गलियारे में चर्चा यह भी है कि हेमंत ने जिस तरह से पद धारण करते ही निर्णय लिया, वह 'पूत के पांव पलने से ही नजर आते हैं' वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपये करने, असम मामले, केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये समेत कई अपनी बातों को कैबिनेट से पहले ही दिन मंजूरी दे दी। हेमंत ने इसके लिए कैबिनेट के पूर्ण गठन तक का इंतजार नहीं किया। राजनीतिक चर्चा की मानें इस चुनाव में उनका कद उस जगह पहुंच गया है, जहां फिलहाल सत्ता पक्ष का कोई भी किसी भी मुद्दे पर दबी जुबान से भी कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है। उधर, चुनाव के परिणाम ने विपक्ष का मनोबल तोड़ दिया है। साथ ही जिस तरह से हेमंत के कदम बढ़ रहे, उसमें आलोचनात्मक टिप्पणी की जगह नहीं मिल रही।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,800 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# जयराम ने सात सीटों पर आजसू की लुटिया डुबो दी

## ■ कुर्मी वोटरों को मिला नया ठिकाना, कैसे वापस हासिल करेगी आजसू

## ■ लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भी नहीं चेती आजसू



राकेश सिंह

झारखंड की राजनीति में एक ऐसा भी दौर था, जब आजसू की धमक पूरे झारखंड में थी। आजसू की भूमिका किंग मेकर के रूप में होने लगी थी। पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा था। एक दौर तो ऐसा भी आया कि झारखंड की राजनीति में लगभग 15 प्रतिशत हिस्सेदारी रखनेवाले कुर्मी मतदाता आजसू में अपना भविष्य तलाश रहे थे, लेकिन समय का थपेड़ा ऐसा आया कि आजसू के समक्ष पहाड़ जैसी चुनौती उत्पन्न हो गयी। वह अपनी चमक खोती चली गयी। वह खुद को मौजूदा राजनीति के हिसाब से अपने को ढाल नहीं पायी। एक ऐसा भी दौर था, जब आजसू अपनी उग्र राजनीति के लिए जानी जाती थी। लेकिन समय के साथ आजसू की प्रमुखताएं बदलती चली गयीं। कभी पांच-पांच सीट पर काबिज रही आजसू, आज एक सीट पर सिमट कर रह गयी। इसके कई कारण भी हैं। एक आजसू की समय-समय पर बदलती हुई नीति और उसकी महत्वाकांक्षाएं। दूसरा पार्टी में कोई भी विजनरी नयापन नहीं होना। तीसरा खुद की जमीन के बारे में जानकारी न होना। तो चौथा खुद को कुर्मी मतदाताओं का मसीहा समझ लेना। लेकिन हाल के दिनों में आजसू को सबसे बड़ा नुकसान किसी ने पहुंचाया, वह है महज दो माह पहले रजिस्टर्ड हुई जयराम महतो की पार्टी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम)। इसने एक झटके में 38 साल के आजसू की साख और उसकी चमक को अपना ग्रास बना लिया। झारखंड की आबादी का कुल 15 प्रतिशत हिस्सेदारी रखनेवाले कुर्मी मतदाताओं के लिए जेएलकेएम नया विकल्प बन कर उभरा है। बीते लोकसभा चुनाव में ही निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जयराम महतो के संगठन ने आजसू के समक्ष पहाड़ जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी थी। जयराम महतो ने विधानसभा चुनाव में राज्य की 81 में से 71 सीटों पर प्रत्याशी दिये। हालांकि इस चुनाव में 71 में वह खुद की एक सीट ही जीत सके। लेकिन इन्होंने भाजपा और आजसू को पूरा नुकसान पहुंचाया। विधानसभा चुनाव में झामुमो गठबंधन को 56 सीटों पर जीत मिली। इनमें 24 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे। उन सभी 24 सीटों पर जेएलकेएम के प्रत्याशियों ने तीसरा स्थान पाया है, जबकि दो सीटों पर जेएलकेएम के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे। एक पर जीत दर्ज की। इसका निष्कर्ष यही है कि एनडीए ने जीती 24 सीट और जयराम की पार्टी ने 24 सीटों पर तीसरा स्थान हासिल किया। जयराम ने न सिर्फ आजसू की ही लुटिया डुबोयी, बल्कि भाजपा को भी चारों खाने चित्त कर दिया। कुछ जगहों पर जयराम ने इंडी गठबंधन को भी नुकसान पहुंचाया, लेकिन मंईयां सम्मान योजना के चलते महिलाओं ने इंडी गठबंधन को पूरा आशीर्वाद देकर संभाल लिया और उसे सिर्फ डुमरी सीट पर नुकसान हुआ। वहां झारखंड के टाइगर जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को खुद जयराम ने चुनाव में हरा दिया और पहली ही बार के चुनाव में वह विधानसभा की देहरी लांघ दी।

### जयराम ने सात सीटों पर आजसू के केले का छिलका उतार दिया

आजसू को विधानसभा चुनाव में दस सीटें, एनडीए गठबंधन में मिली थीं। जयराम महतो की जेएलकेएम ने उस दस में से सात सीटों पर आजसू के केले का छिलका उतार दिया। यानी आजसू की जमीन में पूरी तरह सेंधमारी कर ली। जैसे-तैसे एनडीए में प्रमुख सहयोगी दल की भूमिका निभाने वाली आजसू पार्टी का झारखंड विधानसभा चुनाव में सूपड़ा साफ होने से बच गया। मांडू से निर्मल महतो ने मात्र 231 मतों से जीत दर्ज कर, पार्टी की इज्जत बचा ली। हाल के वर्षों में यह पहला मौका होगा, जब झारखंड विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी का महज एक ही विधायक होगा। अब आजसू को मंथन करना पड़ेगा, उसकी हालत का जिम्मेदार कौन है। आखिर क्यों समय पर आजसू खुद को संभाल नहीं पायी। आखिर क्यों आजसू अपने प्रतिद्वंद्वियों को हलके में ले रही थी। आखिर क्यों आजसू अपने मतदाताओं से दूर होती चली गयी।






### दूसरे दलों में जाते जीत रहे प्रत्याशी

इस चुनाव में यह भी साबित हुआ कि जो प्रत्याशी आजसू में सालों से परफॉर्म नहीं कर पा रहा था, दूसरे दल में जाते ही उन्होंने बेहतरीन रिजल्ट दिया। यानी आजसू को यह सोचना होगा कि उससे कहां गलती हो रही है। आखिर उसकी नीतियों में कहां गड़बड़ी हो रही है, जिससे उसकी साख लगातार गिरती जा रही है और दूसरी तरफ वही प्रत्याशी दूसरे दलों में जाते ही जीत रहे हैं। यहां तक की रोशनलाल चौधरी, जो लगातार तीन विधानसभा चुनाव से आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे और हार का रिकॉर्ड बना रहे थे, भाजपा में जाते ही 31 हजार से अधिक वोटों से जीत जाते हैं। उमाकांत रजक को ही ले लीजिए, वह भी दो बार से आजसू में हार का रिकॉर्ड बना रहे थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने दल बदला और झामुमो में शामिल हुए, वह 33 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज करते हैं। उन्होंने भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को धूल चटा दी। वहीं सिमरिया में मनोज चंद्रा को आजसू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया था। वही मनोज चंद्रा ने झामुमो के टिकट पर जब चुनाव लड़ा, तो एक लाख सात हजार से अधिक वोट लाते हैं, भले वह भाजपा प्रत्याशी से 4 हजार वोटों से पिछड़ जाते हैं, लेकिन उन्होंने भी दिखा दिया कि उनकी क्षमता क्या है।

### सुदेश महतो को उसी सुदेश को सामने लाना होगा, जिसके बल पर वह पहली बार विधायक बने थे

जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने आजसू के कोटे में आयी 10 में से सात सीटों पर गहरी चोट पहुंचायी। सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, ईचागढ़, मांडू, डुमरी, जुगसलाई। यह अलग बात है कि मांडू सीट जैसे-तैसे 231 वोट से आजसू ने जीत लिया, लेकिन सांस तो वहां भी फूली ही हुई थी।

सिल्ली को ही ले लें। झामुमो के अमित महतो को 73 हजार 169 वोट हासिल हुए और उन्होंने चुनाव जीत लिया। वहीं सुदेश महतो को 49 हजार 302 वोट मिले, यानी 23 हजार 867 वोटों से वह पिछड़ गये और जेएलकेएम प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो 41 हजार 725 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे। यानी 41725 वोट का सीधा डेंट किस पर अधिक पड़ा यह समझा जा सकता है। वही सुदेश महतो ने 2019 में जेएमएम प्रत्याशी और अमित महतो की पत्नी सीमा देवी को 20 हजार से अधिक मतों से हराया था। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की हार आजसू की सेहत के लिए सही नहीं है। सुदेश महतो को सोचना होगा कि कहां उनसे चूक हुई। वैसे सबको पता है कि आजसू ने जयराम महतो को बहुत हलके में लिया था। लेकिन जयराम खुद को साबित करते हुए सुदेश के सामने एक चुनौती की तरह खड़े हो चुके हैं। जयराम में वही अग्रेशन है, जो एक वक्त सुदेश महतो में हुआ करता था। सुदेश महतो को गहरा मंथन कर खुद के भीतर झांकने का प्रयास करना होगा और उसी सुदेश को सामने लाना होगा, जिसके बल पर वह पहली बार विधायक बने थे। उन्होंने उस समय कांग्रेस के प्रभावशाली मंत्री और झारखंड की राजनीति में खास पहचान रखनेवाले केशव महतो कमलेश को हराया था।

### लोकसभा में मिली सीख से भी चेते नहीं चौधरी

रामगढ़ सीट को ही ले लिया जाये। जेएलकेएम ने वहां भी बुरी तरह आजसू को नुकसान पहुंचाया है। रामगढ़ की जंग में कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी को 89 हजार 818 वोट मिले, वहीं चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी और आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को 83 हजार 28 वोट मिले। यानी 6 हजार 790 वोटों से वह हार गयीं। वहीं जेएलकेएम प्रत्याशी पाणेश्वर कुमार 70 हजार वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे। समझा जा सकता है कि आजसू कहां पिछड़ गयी। यहां भी चंद्रप्रकाश चौधरी जयराम को कम आंकने की भूल कर बैठे। लोकसभा में मिली सीख से भी चेते नहीं चौधरी।

### पलट गयी गोमियां की कहानी

गोमिया की बात करते हैं। गोमिया में जेएमएम प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने 95 हजार 170 वोट लाकर जीत दर्ज की। जेएलकेएम प्रत्याशी पूजा कुमारी को 59 हजार 77 वोट हासिल हुए। वह दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं आजसू के लंबोदर महतो को 54 हजार 508 वोट मिले। यहां भी जयराम की पार्टी ने आजसू को करारी चोट पहुंचायी है। लंबोदर महतो को 2019 में 71 हजार 859 वोट मिले थे और वह विधायक बने थे। भाजपा ने इस सीट पर प्रत्याशी भी दिया था, जिसे करीब 18 हजार वोट मिले थे। 2019 में माधवलाल सिंह भी निर्दलीय चुनाव लड़े थे, जो 2014 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ दूसरे नंबर पर थे। लेकिन फिर भी लंबोदर महतो ने जीत हासिल की थी। लेकिन अब गोमिया की कहानी पूरी तरह बदल गयी है। यहां भी आजसू को गहरे चिंतन की आवश्यकता है।

### ईचागढ़ के अरमानों पर चल गयी कैंची

अब ईचागढ़ की ओर रुख करते हैं। ईचागढ़ सीट पर जेएमएम प्रत्याशी सबिता महतो को 77 हजार 552 वोट मिले और उन्होंने चुनाव जीत लिया। वहीं आजसू के हरेलाल महतो 51 हजार 29 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर जेएलकेएम के तरुण महतो को 41 हजार 138 वोट मिला। भाजपा से बागी हुए अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह को भी 20 हजार से अधिक वोट मिले। यही अरविंद सिंह 2019 में निर्दलीय चुनाव लड़े थे। उस वक्त भी वह चौथे स्थान पर रहे। इन्होंने ही उस वक्त भाजपा और आजसू का खेल भी बिगाड़ा था। 2019 में भाजपा और आजसू ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। इस सीट पर आजसू दूसरे स्थान पर रही थी और भाजपा तीसरे नंबर पर। इस चुनाव में भाजपा और आजसू दोनों को 38-38 हजार से अधिक वोट मिले थे। लेकिन यही वोट भाजपा 2024 में आजसू में शिफ्ट नहीं करा पायी और रही सही कसर जयराम की पार्टी ने निकाल दी।

### डुमरी में जयराम ने आजसू का पहले से ही प्रबंध कर रखा था

डुमरी की बात करें तो यहां खुद जेएलकेएम के सुप्रीमो जयराम महतो खुद चुनावी मैदान में थे। उन्होंने 94 हजार 496 वोट लाकर जेएलकेएम की जीत का खाता खोल दिया। उन्होंने झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को 10 हजार वोटों से हरा दिया। वहीं आजसू तीसरे नंबर पर रही। उसे मात्र 35 हजार 890 वोट ही मिले। यहां तो जयराम ने आजसू का पहले से ही प्रबंध कर रखा था। वह पहले ही रेस से बाहर थी।

जुगसलाई की बात करें तो झामुमो के मंगल कालिंदी 1 लाख 21 हजार 290 वोट लाकर पहले स्थान पर रहे। आजसू के प्रत्याशी रामचंद्र सहिस 77 हजार 845 वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर जेएलकेएम प्रत्याशी बिनोद स्वांसी को 36 हजार 998 वोट मिले। यहां भी जयराम महतो की पार्ट ने आजसू को नुकसान पहुंचाया। लेकिन यहां गौर करने वाली बात यह है कि भाजपा भी अपना वोट आजसू को ट्रांसफर नहीं करा पायी।

### जैसे-तैसे जीती मांडू

वहीं मांडू की बात करें तो जैसे-तैसे आजसू ने यहां से जीत दर्ज की। आजसू के निर्मल महतो को कुल 90 हजार 871 वोट मिले। दूसरे स्थान पर कांग्रेस के जेपी पटेल रहे और तीसरे स्थान पर जेएलकेएम के बिहारी कुमार को 71 हजार 276 वोट हासिल हुए। यहां भी जयराम की पार्टी ने करारी टक्कर दी। 2019 में जेपी पटेल ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीता था। वहीं आजसू को 47 हजार 793 वोट मिले थे। तीसरे स्थान पर जेएमएम रहा था, उसे 44 हजार 768 वोट हासिल हुए थे। यानी मांडू सीट की जीत में भाजपा की भी बड़ी भूमिका रही।

### तमाड़ में दिखी आजसू की उदासीनता

तमाड़ विधानसभा सीट पर एनडीए की तरफ से राजा पीटर चुनाव लड़ रहे थे। एनडीए को उम्मीद थी कि आजसू यहां कुर्मी मतदाताओं का वोट राजा पीटर के खाते में ट्रांसफर करा देगी, लेकिन लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में आजसू कुर्मी मतदाताओं का वोट एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में ट्रांसफर नहीं करा पायी। सच बात यह थी कि आजसू ने तमाड़ में यह प्रयास ही नहीं किया था कि उसका वोट एनडीए प्रत्याशी को मिले। अब समय आ गया है, जब आजसू को अपनी भूमिका के बारे में सोचना ही होगा।

---

निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर हाइकोर्ट ने इडी से पूछा

## ट्रायल की क्या है स्थिति, गवाही की प्रक्रिया कब तक होगी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाले मामले में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने मामले में इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 13 दिसंबर निर्धारित की है। कोर्ट ने इडी से पूछा है कि पूजा सिंघल के केस में ट्रायल की क्या स्थिति है, गवाही की प्रक्रिया कब तक पूरी होगी? कितने गवाहों की गवाही करायी जानी बची हुई है? सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूजा सिंघल इस मामले में 2 साल 3 माह से अधिक समय से जेल में है। इडी की गवाही कराने की प्रक्रिया काफी धीमी है। इसमें दो वर्ष भी लगा सकते हैं। इसलिए प्रार्थी को जमानत दी जाये। वहीं, इडी से कहा गया कि अभी अभियोजन की ओर से और चार गवाही



करायी जानी है।

दरअसल, बीते सितंबर माह में रांची की पीएमएलए कोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में पूजा सिंघल समेत सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है जिनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है। उनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोपपत्र में बताया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड अधिक थे इडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थी।

बता दें कि इडी ने 6 मई 2023 को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से इडी को 19.31 करोड़ रुपये नगद बरामद हुए थे।

---

इरफान अंसारी का भानु प्रताप शाही पर तंज, कहा-

## मेरे घर पर बुलडोजर चलाने निकले थे जनता ने आपका क्या हाल कर दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही को आड़े हाथों लेते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें जामताड़ा विधायक ने लिखा, भानु प्रताप शाही आप चले थे मेरे घर पर बुलडोजर चलाने, लेकिन जनता ने आपका क्या हाल कर दिया। मगर मैं आपके जैसा नहीं हूं। मैं आपके घर पर बुलडोजर नहीं, बल्कि यूपी में अन्याय और कट्टरता पर बुलडोजर चलाने निकल चुका हूं।

**झारखंड की जनता को किया आहत :** इरफान अंसारी ने आगे लिखा है कि भानु, मैंने आपको कई बार समझाया था कि आप सेक्युलर रहो, लेकिन भाजपा में जाने के बाद आपका पूरा रंग-रूप ही बदल गया। अनाप-शनाप बयानबाजी और कट्टर विचारधारा से आपने झारखंड की जनता को आहत किया। लेकिन कोई बात नहीं, अब आपके पास पर्याप्त समय है। इन मुद्दों पर गहन विचार कीजिए और कट्टर विचारधारा को अपने दिल और दिमाग से निकाल लें।

---

## कीटनाशक घोटाला मामले में तीन दशक बाद फैसला, सभी आरोपी बरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने करीब तीन दशक पुराने कीटनाशक दवा घोटाला मामले में शुक्रवार को अपना फैसला सुना दिया है। इस मामले में 14 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे थे। कोर्ट ने आठ आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। जबकि अन्य अभियुक्त की ट्रायल के दौरान मृत्यु हो गयी थी। कीटनाशक दवा घोटाला का यह मामला वर्ष 1995 का है। वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से सप्लायरों ने कीटनाशक




दवा की जगह राख सप्लाई की। दरअसल साल 1995 में फॉरेस्ट विभाग ने एक टेंडर निकला गया था, जिसमें कीटनाशक दवा सप्लाई किया जाना था। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से सप्लायरों ने कीटनाशक दवा की जगह पर राख सप्लाई कर दिया। इस मामले की जांच एसीबी ने की थी। मामला सही पाये जाने के बाद एसीबी ने वन विभाग के तत्कालीन डीएफओ, 5 सप्लायर और वन विभाग के अधिकारियों समेत 14 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने नौ गवाह पेश किये थे। लेकिन एक भी गवाह ने समर्थन नहीं किया।

---

## नाबालिग का यौन शोषण करने वाले विनोद को तीन वर्ष सश्रम कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग से यौन उत्पीड़न करने के दोषी विनोद लोहरा को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने विनोद पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोषी को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने मांडर थाना में अप्रैल 2021 में लिखित प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.8 °c | 11.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.01 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.12 बजे | |



# सीएम हेमंत सोरेन से दिनभर मिलने वालों का लगा रहा तांता





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को सांसद जोबा मांझी, विधायक प्रदीप यादव, विधायक लुइस मरांडी, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने मुलाकात कर झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव एवं उनके परिजनों ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं दी।





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता, उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस अधीक्षक देवघर अजीत पीटर डुंगडुंग ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की असामयिक मौत

# स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी विफलता : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की असामयिक मौत को प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र की बड़ी विफलता करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर तीखा प्रहार किया है। बाबूलाल मरांडी ने अपने एक्स पर लिखा कि मंगल मुंडा जी का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। सड़क दुर्घटना के बाद जिस तरह से उन्हें इलाज के लिए तड़पना पड़ा, वह हमारी व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर करता



है। इतनी नाजुक स्थिति में भी उन्हें ट्रॉमा सेंटर में समय पर बेड नहीं मिला। इलाज शुरू करने में भी 10 घंटे की देरी हुई। परिजनों को 15,000 की दवाएं भी खुद खरीदनी पड़ीं।

## आदिवासी समाज के लिए चिंता

**बाबूलाल मरांडी ने यह भी सवाल किया कि क्या राज्य सरकार और व्यवस्था में गरीबों और आदिवासियों के लिए कोई जगह बची है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल मंगल मुंडा के परिवार का नहीं, बल्कि झारखंड के हर गरीब और आदिवासी का है। बाबूलाल ने इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और व्यवस्था पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने और आदिवासियों के हित में ठोस कदम उठाने होंगे। मंगल मुंडा के निधन पर बाबूलाल मरांडी की प्रतिक्रिया ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासन की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं।**

**व्यवस्था पर उठाये गंभीर सवाल :** पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि अबुआ सरकार में एक गरीब आदिवासी की जिंदगी की कीमत बस इतनी ही रह गयी है। यह केवल मंगल मुंडा जी की मौत नहीं, बल्कि व्यवस्था द्वारा उनकी हत्या है। जिस झारखंड को भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलना चाहिए था, वहां उनके वंशज के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर कर रख देता है।

# हेमंत सोरेन को आदिवासी मूलवासी मंच ने दी बधाई

### 51 किलो की माला पहनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडिया गठबंधन को जनादेश मिलने के बाद आदिवासी मूलवासी मंच के सैकड़ों लोगों ने डॉ रामदयाल फुटबॉल मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक जुलूस निकाला। सीएम हाउस में एक घंटा तक पारंपरिक वाद्ययंत्र से थिरकते देखा गया। सीएम बनने की खुशी में सीएम हाउस में पटाखे फोड़े गये। उसके बाद सीएम हेमंत सोरेन को सीएम आवास में बधाई दी गयी। उन्हें सरना अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके बाद सीएम को 51 किलो की माला पहनाकर आदिवासी मूलवासी मंच की ओर से सम्मानित किया गया। आदिवासी मूलवासी मंच के लोगों ने आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की।



**आदिवासियों के जमीन को बचाने की मांग की :** कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डबलू मुंडा ने सीएम से झारखंड में जल, जंगल और जमीन की रक्षा की मांग की। राज्य के आदिवासियों के हित में काम करने पर जोर देने की अपील की। सरना धर्म कोड देश में लागू कराने पर भी जोर दिया। डबलू मुंडा ने कहा कि तेजी से आदिवासियों की धार्मिक जमीन का हस्तांतरण हो रहा है। ऐसे में जमीन को चिह्नित कर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। वहां मौजूद आदिवासी मूलवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने बताया कि वे एक सप्ताह के बाद झामुमो में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासियों के वोट से बहुमत की सरकार बनी है। पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार सृजन पर बल देने की मांग की। झारखंड से पलायन को रोकने के लिए राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाये जाने की बात रखी। कहा कि अंचल में कर्मचारी बिना पैसे लिये कोई काम नहीं करते हैं तो वैसे कर्मचारियों को चिह्नित कर कार्रवाई होनी चाहिए। अध्यक्ष रंजित टोप्पो ने कहा कि आदिवासियों के लिए उद्योग खोलने पर प्राथमिकता दी जाये। सरकार की ओर से सीएनटी एक्ट की जमीन पर लोन उपलब्ध कराये जाये।

## मौके पर ये रहे मौजूद

अध्यक्ष रंजित टोप्पो, लक्ष्मी नारायण मुंडा, मोहन तिर्की, मिथिलेश कुमार, अमित मुंडा, अजीत लकड़ा, विक्की करमाली, अनिल उरांव, डबलू मुंडा, खुशबू नायक, रोहित कुमार, अजित उरांव, सुरेश मिर्धा, सूरज मिर्धा, नितीन कच्छप, दीपक गुप्ता, आकाश राय समेत अन्य लोग मौके पर मौजूद थे।

# मंजूनाथ भजंत्री ने संभाला उपायुक्त रांची का पदभार

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को उपायुक्त रांची का पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में वरुण रंजन ने उन्हें पदभार सौंपा। इस दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। मंजूनाथ भजंत्री 2011 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। मौके पर वरुण रंजन ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने काफी कम समय में विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने एवं अन्य कार्यक्रमों में समन्वय के साथ कार्य संपादित किये जाने पर



सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को धन्यवाद दिया।

पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने कहा जिला प्रशासन सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के स्तंभ पंचायत, प्रखंड अंचल कार्याल एवं पुलिस स्टेशन के पदाधिकारी और कर्मी ससमय कार्यालय आयें एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। भजंत्री ने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि आम जनता को कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उन्होंने कहा कि कमियों की समीक्षा कर जिला प्रशासन एक्शन प्लान के तहत कार्य करेगा।

# कांग्रेस कोटे से मंत्री पद पाने के लिए दिल्ली दरबार में विधायकों की लॉबिंग

### कई विधायकों के प्रतिनिधि दिल्ली में रह कर कर रहे हैं पैरवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन ने गुरुवार को चौथी बार झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। हालांकि, हेमंत सोरेन ने अकेले शपथ ग्रहण किया, क्योंकि इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच मंत्रिमंडल को लेकर सहमति नहीं बन पायी थी। अब मंत्रिमंडल का विस्तार होना है। इसे लेकर झारखंड में नयी सरकार में मंत्री पद पाने के लिए कांग्रेस विधायकों की सक्रियता बढ़ गयी है। पार्टी के दर्जनभर विधायक हाईकमान का आशीर्वाद लेने नयी दिल्ली पहुंच गये हैं। इसमें कई विधायकों के प्रतिनिधि भी पैरवी के लिए पहुंचे है। इस संदर्भ में कई विधायक इसके



पीछे औपचारिक मुलाकात की बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि जीत के बाद पार्टी के सीनियर नेताओं को धन्यवाद कहने के लिए नयी दिल्ली पहुंचे हैं। कोई भी मंत्री बनने या बनाये जाने की बात खुलकर नहीं कर रहा है। दावेदारों की लंबी सूची देखकर अटकलें लगायी जा रही हैं कि कांग्रेस विधायक दल के नेता को मंत्री नहीं बनाया जायेगा और ऐसे में डॉ रामेश्वर उरांव इस पद के सबसे प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। नयी दिल्ली पहुंचनेवाले प्रमुख नेताओं में मंत्री रह चुकीं दीपिका पांडेय सिंह और डॉ. इरफान अंसारी का नाम प्रमुख हैं। इनके अलावा ममता देवी, कुमार जयमंगल सिंह, राजेश कच्छप, भूषण बाड़ा, प्रदीप यादव, नमन विक्सल कोंगाड़ी आदि कई लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। सभी के अपने-अपने दावे और तर्क हैं।

इन नेताओं के अलावा पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी नयी दिल्ली पहुंच गये हैं। माना जा रहा है कि वह अपनी पुत्री विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के लिए नयी दिल्ली में लाबिंग कर रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और अन्य सीनियर नेताओं से विधायकों को लेकर मिल रहे हैं। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशत आलम भी दिल्ली पहुंच चुकी हैं। उनके बारे में कहा जा रहा है कि राज्य में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने के साथ ही उनका दावा मजबूत बन रहा है। संताल परगना में सहयोगी दलों के बेहतर प्रदर्शन के पीछे भी आलमगीर का नाम आ रहा है। इस आधार पर निशत आलम की दावेदारी को कांग्रेसी मजबूत बता रहे हैं। इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब अपने कैबिनेट का विस्तार करेंगे। हमलोग सहयोग करेंगे। दिल्ली हाईकमान से जिन लोगों का चयन होगा उनको मंत्री पद की शपथ दिलायी जायेगी। 9 तारीख को बहुमत साबित करने का फैसला लिया है। उसके बाद हमलोग सारी चीजों पर विचार कर फैसला करेंगे। अगर मुख्यमंत्री बीच में चाहेंगे तो बीच में भी विस्तार हो सकता है। रही बात मंत्रिमंडल में कौन-कौन लोग आयेंगे। इसपर हमलोग मिलकर विचार करेंगे।






आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 30 नवंबर, 2024

www.azadsipahi.in




# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने दी बधाई







कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में शुक्रवार सुबह से ही राज्य के विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में मुख्यमंत्री हेमंत को बधाई देने पहुंचे लोगों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल थे। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी लोगों से मिले और उनके प्यार, आशीर्वाद एवं समर्थन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अपोलो क्लिनिक बरियातू और कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस जांच शिविर में कक्षा तीन से बारहवीं तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को चिकित्सकों की टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर में बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य, दांत, आंख, कान, नाक, गला, रक्तचाप, भोजन की जरूरत एवं पौष्टिकता की जांच की गयी और उचित परामर्श दिया गया। मौके पर उप-प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य का ध्यान रखना सभी के लिए वर्तमान समय की सबसे प्रमुख मांग है। इस जांच शिविर में डॉ रेशमा सिंह, डॉ निभा एन कुमारी, डॉ रवि रोशन, डॉ विजेता और डॉ बर्मन ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। कार्यक्रमों का संयोजन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर मोनिका कुमारी ने किया। शिविर में काफी संख्या में बच्चे, शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए।

## केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को केंद्रीय सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष फुलचंद तिर्की की अगुवाई में राज्य सरकार के द्वारा अनुराग गुप्ता को पुनः डीजीपी बनाये जाने पर पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी गयी। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि अनुराग गुप्ता को झारखंड सरकार के द्वारा पुनः डीजीपी बनाया जाना खुशी की बात है उम्मीद करते हैं। राज्य के आदिवासियों के साथ न्याय होगा। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, सचिव विनय उरांव, सहाय तिर्की, प्रमोद एक्का, पंचम तिर्की एवं अन्य शामिल थे।

## भाजपा ने 100 किलो लड्डू का वितरण किया



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी भाग के मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने रांची के विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह को सातवीं बार भारी मतों से विजयी होने पर 100 किलो लड्डू का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रांची महानगर के वरीय उपाध्यक्ष राजू सिंह मंडल के महामंत्री राजकुमार जायसवाल, अशोक पांडे, फिरंगी साहू, राजेश कुमार, युवा मोर्चा के अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार मिश्रा, सुनील कुमार साहू, प्रदीप वर्मा, मधुकर, अजय कश्यप, गुड्डू, आनंद तिवारी, आशीष शर्मा, अरविंद, अशोक राज अभिषेक कुमार, सुशांत, छोटू, सनी, पंकज साहू, संतोष साहू, केसरी, सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सलीमा टेटे और संगीता कुमारी को सम्मानित किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ, रांची जसमीत सिंह बिंद्रा ने हाल ही में संपन्न हुई महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 की विजेता भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली कप्तान सलीमा टेटे एवं प्रमुख खिलाड़ी के रूप में सम्मिलित संगीता कुमारी को पौधा एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। रांची रेल मंडल की खिलाड़ी एवं भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते तथा फाइनल में चीन को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। रांची रेल मंडल की संगीता कुमारी भी भारतीय टीम का हिस्सा रहीं एवं प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपना योगदान दिया। मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा ने दोनों खिलाड़ियों को महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप 2024 की विजेता बनने पर बधाई दी एवं कहा कि रांची रेल मंडल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा और हम सभी रांची मंडल के रेलकर्मी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। साथ ही उपस्थित वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मंडल क्रीड़ा अधिकारी निशांत कुमार, मंडल वित्त प्रबंधक (समन्वय) सह कोषाध्यक्ष दक्षिण पूर्व रेलवे खेल संघ, रांची लक्ष्मण कुमार, मंडल अभियंता (दक्षिण) सह संयुक्त मंडल क्रीड़ा अधिकारी रवि शंकर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक के निजी सचीव (राजपत्रित) सह सहायक मंडल क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष कुमार सिन्हा और सेरसा रांची सचिव ओम प्रकाश ठाकुर उपस्थित रहे।

# अनुराग गुप्ता ने झारखंड डीजीपी का प्रभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचकर झारखंड डीजीपी का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर पदभार संभालने के बाद डीजीपी ने कहा कि पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर होगा। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना, विधि व्यवस्था संधारण, आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जगाना, पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर होगा। साथ ही पुलिस बहाली, समय पर प्रोन्नति और विशेष प्रशिक्षण कराने पर बल दिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जहां पुलिस फोर्स की जितनी जरूरत होगी, वहां उतनी प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी। गुप्ता ने कहा कि पुलिस का आमलोगों के साथ अच्छा व्यवहार, उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन, बुजुर्ग, कमजोर एवं महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उनकी पूरी कोशिश होगी कि किसी भी तरह के आपराधिक घटना होने पर पुलिस का क्विक रिस्पॉन्स हो।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुरुवार की रात सरकार ने सीआइडी एवं एसीबी डीजी के पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को झारखंड डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिया था। आइपीएस अनुराग गुप्ता झारखंड पुलिस में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। वह गढ़वा एवं हजारीबाग एसपी और रांची के एसएसपी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। इसके अलावा वह बोकारो रेंज के डीआइजी के पद पर लंबे समय तक काम कर चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में उन्हें लंबे समय तक एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर काम करने का भी अनुभव है। गुप्ता 1990 बेच के तेज तर्रार आइपीएस अधिकारी हैं।

## राशन कार्ड में सुधार के लिए जिला आपूर्ति कार्यालय में लगी भीड़

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव संपन्न होने के साथ समाहरणालय भवन गुलजार हो गया है। जिला आपूर्ति कार्यालय में राशन कार्ड से जुड़ी कार्यों के लिए लोगों की भीड़ लगी है। कतार में खड़े लोगों से बात करने पर पता चला कि लोग नये राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में परिवार जनों का नाम जुड़वाने संबंधित काम से आये हुए थे। बता दें कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये दी जानी है। जिसके लिए राशन कार्ड जरूरी दस्तावेज में से एक है। लाभुक इस योजना का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड बनवाने समाहरणालय पहुंच रहे हैं।

## इनविक्टस-2024 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल का अद्वितीय प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने इनविक्टस- 5वें संस्करण स्पीक आउट 2024 में शानदार प्रदर्शन किया। यह सम्मेलन दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व के स्कूलों के लिए एक ऑनलाइन स्पीक-फॉर-इनर-चेंज प्लेटफॉर्म था। यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी जिसमें 43 से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। कक्षा ग्यारहवीं की अनन्या रॉय को प्लुरिलॉग्स- इंग्लिश डिबेट्स के ब्रिज राउंड में बेस्ट एंट्री के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की रोहिणी राज को एक्रोपोलिस-इंग्लिश क्रिएटिव राइटिंग और परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में बेस्ट स्टूडेंट राइटर का पुरस्कार मिला। कक्षा नौवीं की कृतिका सरकार और कक्षा ग्यारहवीं की रोहिणी राज को नोट्स फ्रॉम एक्रोपोलिस में समग्र रूप से द्वितीय रनर-अप का स्थान प्राप्त हुआ। प्राचार्या, परमजीत कौर ने छात्रों की कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन की सराहना की और सभी छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जो उन्हें नये अनुभव और सीखने के अवसर प्रदान करती हैं।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय मध्य पूर्वी क्षेत्रीय कांफ्रेंस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ वूमेन स्टडीज, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के संयुक्त सौजन्य से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में दो दिवसीय मध्य पूर्वी क्षेत्रीय कांफ्रेंस का आयोजन प्रारंभ हुआ। कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कांफ्रेंस के मुख्य विषय पर प्रकाश डालते हुए झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ में महिलाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 342 का उल्लेख करते हुए सारगर्भित तरीके से महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला।

## महत्वपूर्ण खबरें

### हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची में संविधान दिवस के अवसर पर हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के नागरिक होने के नाते हमें संविधान को जरूर जानना चाहिए। हमारे संविधान पर हमें गर्व है और हम सबों को गर्व करना ही चाहिए। हमारे संविधान की ताकत है कि देश को शक्तिशाली बनाये रखा है और विभिन्नताओं के बावजूद आज भी एकता के सूत्र में पिरोये रखा है। उन्होंने कहा कि संविधान ने लोगों को न्याय और समानता के साथ सम्मान दिलाने में सफल रहा है। हमारा संविधान देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सशक्त माध्यम है। इस संविधान में लचीलेपन के साथ दृढ़ता भी है। हमारा संविधान पथ प्रदर्शक और विश्वबंधुत्व प्रदान करने वाला है। इस संविधान दिवस समारोह में कॉलेज के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ समर सिंह ने मुख्यवक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए कहें संविधान हमें अपना कर्तव्य बोध कराता है। हमें संविधान के मूल भावनाओं को जानने और समझने की आवश्यकता है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापिका डॉ सावित्री बड़ाइक, डॉ सीमा सुरीन, डॉ राजश्री महतो, डॉ नंद किशोर सिंहा, डॉ संगीता कुमारी, इसके साथ ही कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अपना विचार रखा। इस समारोह का संचालन राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ कन्हैया लाल तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर इंचार्ज सह नागपुरी विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुजूर ने किया। इस मौके पर डॉ रानी प्रगति प्रसाद, डॉ अनीता गुप्ता, डॉ अनुपम सिंह, डॉ मंजू सिंकू, डॉ गायत्री सिन्हा, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ उषा कीड़ो, डॉ त्रिभुवन साही, डॉ सुबास साहू, डॉ रीना कुमारी, डॉ अभिषेक कुमार गुप्ता, डॉ लक्ष्मी कुमारी, डॉ संजय सरंगी, डॉ जेबा, नेहा टोप्पो सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सीएमपीडीआइ के तीन सेवानिवृत्त सदस्यों को सम्मानित किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के 3 सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें राकेश रंजन-महाप्रबंधक (उत्खनन), धनंजय जैन-वरीय वैज्ञानिक सहायक एवं राजेंद्र नाथ-वरीय वैज्ञानिक सहायक शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया और उनके सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/इएस) सतीश झा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्य, टुकलाल एवं डॉ राजीव डे तथा सीएमओएआइ के प्रतिनिधि अभिषेक कुमार ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। स्वागत भाषण एवं मंच संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कादंबर ने किया।

### राज्य पुरस्कार रैली-2024 का आयोजन



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। मुख्यालय, हाजीपुर के वैशाली रेल प्रेक्षागृह में शुक्रवार को इस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, राज्य मुख्यालय, हाजीपुर की राज्य पुरस्कार रैली-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के संरक्षक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शिव कुमार प्रसाद तथा अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। राज्य मुख्यालय हाजीपुर के नेतृत्व में आयोजित राज्य पुरस्कार रैली में महाप्रबंधक द्वारा 158 स्काउट एंड गाइड के बच्चों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य पुरस्कार स्काउट एवं गाइड को राज्य स्तर पर मिलने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। इस पुरस्कार हेतु स्काउट एवं गाइड को एक जॉच प्रक्रिया से गुजरना होता है जिसमें स्काउट और गाइड गतिविधियों में उनके ज्ञान, कौशल और मूल्यों का परीक्षण करने के उद्देश्य से एक संरचित मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल है। महाप्रबंधक ने कहा कि स्काउट्स एंड गाइड्स संस्था समाज के चतुर्दिक विकास, अनुशासन, सौहार्द्रपूर्ण विचारों तथा सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए जाना जाता है। महाप्रबंधक ने इस राज्य पुरस्कार रैली के आयोजन के लिए मुख्य राज्य आयुक्त -सह-प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल व राज्य पदाधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the
General Manager, Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj, e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Notice**

Sealed tender is invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/ firms for the following work:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q (Non-refundable) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 301/PR/JUSNL /2024-25 | Electrical wiring of Inspection Bunglow (IB) at colony campus of 132/33kV GSS Garhwa road. | Rs.886.00 (Rs.750+ SGST@9% +CGST@9%) | Rs.6,000.00 |

1. Start date for sale of tender documents :- **30.11.2024 from 02:00 PM**
2. Last date for sale of tender documents :- **20.12.2024 upto 05:00 PM**
3. Last date & time of submission of tender document :- **21.12.2024 upto 05:00 PM**
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- **23.12.2024 at 03:30 PM**
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D drawn in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj** payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. For any clarifications, please contact on Mobile No. 9771850485.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager**
**Transmission Zone-IV, Medininagar**

PR 340825 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D






# फूट-फूटकर रोया उलिहातू , मंगल मुंडा के निधन पर बहा आंसुओं का सैलाब

## सांसद कालीचरण मुंडा, खूंटी और तोरपा के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुंडा, विधायक सुदीप गुड़िया और राम सूर्या मुंडा ने श्रद्धांजलि दी

## पैतृक गांव उलिहातू में हुआ अंतिम संस्कार



भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के पार्थिव शरीर से लिपट कर मां का रोना देख सबकी आंखें नम हो गयीं।



श्रद्धांजलि अर्पित करते सांसद।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** 25 नवंबर को सड़क दुर्घटना का शिकार हुए भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन के बाद अस्पताल परिसर में ही मंगल मुंडा के पार्थिव शरीर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्प-चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। खूंटी के उलिहातू स्थित बिरसा स्टेडियम के पीछे कब्रिस्तान में मंगल मुंडा का अंतिम संस्कार किया गया। जहां भारी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने यहां आकर संवेदन प्रकट की। इससे पहले रिम्स से रांची और खूंटी पुलिस स्कॉट करते हुए मंगल मुंडा के पार्थिव शरीर को लेकर उनके पैतृक गांव उलिहातू पहुंची। मंगल मुंडा का पार्थिव शरीर गांव लाते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंगल मुंडा की माता, बहन व पिता चीत्कार मारकर रोने लगे। घर के बाहर पार्थिव शरीर से लिपट कर मां का रोना देख सबकी आंखें नम हो गयीं।

सांसद कालीचरण मुंडा, खूंटी और तोरपा के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, कोचे मुंडा, विधायक सुदीप गुड़िया और राम सूर्या मुंडा के अलावा जिला प्रशासन की ओर से उप विकास आयुक्त सह प्रभारी उपायुक्त श्याम नारायण राम द्वारा पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने का प्रार्थना की गयी।



बिरसा मुंडा के वंशज को अंतिम विदाई देते विधायक।

तोरपा और खूंटी विधायक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के परिजनों को हर सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। सीएम ने दोनों विधायको को निर्देश दिया है कि बिरसा के वंशजों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। दोनों विधायक द्वारा तत्काल वंशज सुखराम मुंडा को 20 हजार की सहायता राशि दी गयी। वहीं सांसद कालीचरण मुंडा ने परिजनों को सांत्वना दिया और कहा कि रिम्स की लापरवाही के कारण वंशज मंगल मुंडा की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते मंगल को इलाज मिलता तो शायद आज मंगल जिंदा होता। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन इस मामले को देख रहे हैं तो कार्रवाई जरूर होगी।



# समय से इलाज होता, तो नहीं जाती मंगल मुंडा की जान : अर्जुन मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मंगल मुंडा का निधन पूरे झारखंड के लिए दुःख का विषय है। उन्हांने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद जब मंगल मुंडा को रिम्स ले जाया गया, तो किसी ने उनकी सुधि नहीं ली। वे रात भर घायल अवस्था में एंबुलेंस में ही पड़े रहे। अर्जुन मुंडा ने कहा कि जब उन्हें सूचना मिली, तो उन्हांने रिम्स के अधिकारियों से बात कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। अर्जुन मुंडा ने कहा कि एक शहीद परिवार के वंशज के साथ इस तरह का व्यवहार स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल करता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में और किसी के साथ ऐसा न हो, इस पर सरकार को ध्यान देने की आवश्कता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर समय पर मंगल मुंडा का इलाज हो जाता, तो उनकी जान बच सकती थी। उन्हांने कहा कि राज्य सरकार को स्वास्थ्य व्यवस्था पर संवेदनशील होना चाहिए।

### दिल्ली या अन्य बड़े अस्पताल भेजते तो शायद बच जाती जान : कड़िया मुंडा




मंगल मुंडा के निधन पर लोगसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद है। उन्होंने कहा कि जब मंगल मुंडा रिम्स में इलाजरत थे, उसी समय कड़िया मुंडा ने सलाह दी थी कि मंगल को बेहतर इलाज के लिए किसी बड़े संस्थान में ले जाना चाहिए, पर न तो रिम्स प्रबंधन ने और न ही राज्य सरकार ने उनकी बात सुनी। कड़िया मुंडा ने कहा कि जीवन और मौत तो ऊपर वाले के हाथ में है, पर यदि मंगल मुंडा को दिल्ली या अन्य किसी बड़े अस्पताल में भर्ती कराया जाता, तो शायद उनकी जान बच जाती।

# दिल्ली के झारखंड भवन में चित्रकार धनंजय कुमार की बनायी सोहराई पेंटिंग इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज

**किसी भी इमारत पर बनी ये आज तक की सबसे बड़ी और ऊंचाई लगभग 110 फीट से बनायी गयी 69.44 फीट की सोहराई पेंटिंग है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के बंगला साहिब रोड में नये झारखंड भवन पर बनायी गयी सोहराई पेंटिंग बरबस ही वहां से गुजरने वालों को दूर से ही आकर्षित करती है। भवन पर बनी सोहराई पेंटिंग झारखंड की लोक कला को एक नयी पहचान दे रही है। जिसको मूर्त रूप दिया है रांची के प्रख्यात युवा चित्रकार धनंजय कुमार ने। धनंजय कुमार के द्वारा दिल्ली के झारखंड भवन के ऊपर बनायी गयी सोहराई पेंटिंग ने एक और कीर्तिमान बना लिया है, इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में स्थान बना कर। इनके द्वारा बनायी गयी सोहराई पेंटिंग किसी भी इमारत पर बनी ये आज तक की सबसे बड़ी और ऊंचाई लगभग 110 फीट से बनायी गयी 69.44 फीट की सोहराई पेंटिंगरिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गयी है। इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स की टीम ने रिकॉर्ड के सत्यापन के बाद रिकॉर्ड का प्रमाणपत्र मेडल एवं बुक देकर धनंजय कुमार को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि 24 वर्षों के बाद झारखंड विगत 3 सितंबर 2024 नये झारखंड भवन का उद्घाटन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों हुआ था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पेंटिंग को देख वह काफी प्रभावित हुए थे।




इस पेंटिंग को बनाने में धनंजय कुमार को लगभग 20 दिनों का समय लगा। 110 फीट की ऊंचाई पर बारिश के मौसम और तेज धूप सब सहते हुए इतनी बड़ी पेंटिंग बनायी जो आज इस बिल्डिंग की पहचान बन गयी है। पेंटिंग को कई किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता है। इसके अलावा परिसर के अंदर लगभग 200 से अधिक पेंटिंग लगायी गयी हैं, जिन्हें बनाने में लगभग डेढ़ महीने का समय लगा जिसमें 40 कलाकारों ने अपना योगदान दिया।

इससे पहले भी धनंजय कुमार की बनायी हुई पेंटिंग विभिन्न परिसरों में लगायी गयी हैं। जैसे नये झारखंड हाइकोर्ट, मुख्यमंत्री कार्यालय, राजकीय म्यूजियम, पर्यटन विहार आदि स्थानों में सजायी गयी है एवं इनके कई देशों में भी इनकी पेंटिंग के खरीदार हैं।

धनंजय कुमार रांची डोरंडा के रहने वाले हैं और विगत 24 वर्षों से कलाकृति स्कूल आफ आर्ट चलाते हैं जहां बच्चों को पेंटिंग सिखायी जाती है। धनंजय कुमार ने बीआइटी मेसरा रांची से सॉफ्टवेयर इंजीनियर किया हैं एवं उन्होंने कई साल तक बैंक में नौकरी भी की है। इन्हें अब तक 130 से अधिक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है और श्रीमती द्रौपदी मुर्मू (पूर्व राज्यपाल, झारखंड), झारखंड के कई मुख्यमंत्री और कई राज्य और केंद्रीय मंत्रियों के द्वारा इन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

बचपन से ही पेंटिंग के तरफ लगाव रहता था वर्ष 2001 में इन्होंने अपनी पेंटिंग स्कूल की स्थापना की थी और 2014 में अपने बैंक की नौकरी छोड़कर पुनः पेंटिंग स्कूल को पुनः स्थापित कर प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे। आज उनके पास बच्चे राज्य के अलग-अलग जिलों से आते हैं। साथ ही साथ ये ऑनलाइन क्लास के माध्यम से 12 देशों के बच्चों को ऑनलाइन पेंटिंग शिक्षा दे रहे हैं। धनंजय कुमार ने झारखंड की लोक कला को बच्चों और नयी पीढ़ी तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इन्होंने अब तक 50 से अधिक लोक चित्रकला शिविर लगा कर प्रशिक्षण देने का काम किया है। इन्होंने सैंकड़ों निर्धन प्रतिभावान छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण देकर अपने इस कार्य से जोड़ा है और कला के माध्यम से रोजगार दिलाने का काम कर रहे हैं। साथ ही साथ इनके द्वारा बाल कैदियों को भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया है जिससे आज कई बाल कैदी चित्रकला को अपना पेशा अपना कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं।

## जेएसएससी कर्मी के अपहरण मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में जेएसएससी (झारखंड कर्मचारी चयन आयोग) के एक कर्मी के अपहरण के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, अपहरणकर्ताओं ने जेएसएससी कर्मी को उनकी कार सहित अगवा कर लिया और उन्हें बुंडू के घने जंगल में बंधक बनाकर रखा। अपहरणकर्ताओं ने पीड़ित की रिहाई के बदले पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और विशेष छापेमारी अभियान चलाकर अपराधियों को गिरफ्तार किया। साथ ही, अपहत कर्मी को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपहरणकर्ताओं का मकसद फिरौती वसूलना था। फिलहाल, सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की संभावना की जांच की जा रही है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की मौत पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच ने जताया रोष



रांची (आजाद सिपाही)। भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा की मौत पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि मंगल मुंडा को रिम्स अस्पताल में 10 घंटे तक इलाज नहीं मिलने और समय पर भर्ती नहीं किये जाने के कारण उनकी मौत हो गयी। विजय शंकर नायक ने मांग की है कि हेमंत सरकार दोषी डॉक्टरों और रिम्स अस्पताल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि यह घटना झारखंड के लोगों के लिए आक्रोश का विषय है और इसकी जांच होनी चाहिए।

## 3 दिसंबर को रिम्स के पूर्ववर्ती छात्रों का पुनर्मिलन




रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स के पूर्व छात्र संगठन एसोसिएशन ऑफ आरएमसीएच और रिम्स एल्युमिनी (एआरआरए) द्वारा 3 दिसंबर को पुनर्मिलन - 24 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एआरआरए कार्यालय में शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। जिसमें पुनर्मिलन 24 के अध्यक्ष डॉ जीवन कुमार मित्रा ने बताया कि यह एकदिवसीय कार्यक्रम होगा, जिसमें संस्थान के नामश्रोत एवं प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि, अपने संस्थान, शिक्षक एवं वरिष्ठगण को सम्मान, विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं आम जनता में स्वास्थ्य और संस्थान के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन है। इस कार्यक्रम में झारखंड के ही नहीं बल्कि देश-विदेश में कार्यरत इस संस्थान के सभी पूर्व छात्रों एवं उनके परिवारजनों का मिलन समारोह है। इसे लेकर 1974 बैच विशेष उत्साहित है जो इस वर्ष नामांकन का स्वर्णिम वर्षगांठ मना रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6.30 बजे मोरहाबादी मैदान में स्वास्थ के लिए दौड़ के साथ शुरू होगी। उसके बाद संस्थान परिसर में पौधरोपण किया जायेगा। बाद में संस्थान के सभागृह में औपचारिक अधिष्ठान समारोह का आयोजन किया जायेगा। शाम में करमटोली चौक पर स्थित आइएमए हॉल में रंगारंग कार्यक्रम एवं प्रीतिभोज से समाप्त होगा। सचिव डॉ. प्रमोद कुमार ने इस प्रेस वार्ता के माध्यम से रांची और आसपास रहने वाले सभी रिम्स के भूतपूर्व छात्रों से इसमें सम्मिलित होकर इसकी शोभा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

Gitanjali BANQUET HALL

# Gitanjali Banquet Hall

Gitanjali, A Unique Premium Banquet Hall Is All Set To Redefine Hospitality In Ranchi

A Luxurious Property Full Of Modern Amenities & Premium Features

- ☑ 7200sq Ft Centralized Ac Hall
- ☑ 18000 Sq Ft Lawn
- ☑ 13A/C Deluxe Rooms
- ☑ Ample Parking Space
- ☑ Excellent Service & Management
- ☑ Courteous & Professional Staff

SPECIALLY FOR

Wedding · Reception Party · Conference · Corporate Party · Ring Ceremony · Baby Shower



Tagore Hill Road Chiraundi, Ranchi (Jh.)
9835191305
9771458064, 9835194671

# आयी रे शुभ दिन आयी ...

## एक बहुत बड़ा फैंसला विवाह जीवन का

विवाह जीवन का एक बहुत बड़ा फैंसला होता हैं, ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता हैं कि लड़का और लड़की की कुंडली पहले किसी अनुभवी ज्योतिषी से दिखाया जाए । ऐसा होता भी हैं। साधारणतः बिना कुण्डली मिलान के हिंदुओं में शादी नहीं होती हैं । वैंदिक ज्योतिष में विवाह संस्कार को काफी महत्वपूर्ण और शुभ माना गया हैं, इसलिए शुभ मुहूर्त के साथ-साथ शुभ तिथियां, नक्षत्र, योग और करण का भी ध्यान रखा जाता हैं.

**शुभ करण :-** विवाह जैंसे मांगलिक कार्यों के लिए सात ऐसे करण बताए गए हैं जिन्हें शुभ माना गया हैं. किन्स्तुघना करण, बव करण, बालव करण, कौंलव करण, तैंतिल करण, गर करण, वणिज करण शादी के लिए शुभ होते हैं.

**मुहूर्त :-** विवाह करने के लिए अभिजीत मुहूर्त और गोधूलि बेला का मुहूर्त को बेहद शुभ माना जाता हैं. तिथि- द्वितीया, तृतीया, पंचमी, सप्तमी, एकादशी, त्र्योदशी तिथि में शादी करना शुभ माना जाता हैं. शुभ नक्षत्र रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र मघा नक्षत्र, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र को शुभ माना गया हैं.

**शुभ दिन :** सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार इन दिनों को विवाह के लिए काफी शुभ माना जाता हैं.

VAISHNAVI HILLS BLOCK - E

BOOKING OPEN



many imagine life at the top. very few live it.

Location Map

AAKRITI

PROJECT BY :
M/s AAKRITI INFRASTRUCTURE & PROJECTS (P) LTD.
B-201, K.P. Enclave, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi
Phone : 9431126240, 7004347606

EXQUISITE JEWELLERY COLLECTION



खूबसूरत ज्वेलरी के साथ रिश्तों के बंधन जुड़ेंगे





आज ही आएं और इस खुशी में खुद को शामिल करें

SHIVCHANDRA JEWELLERS

Near Malabar Enclave, Beside ICICI Atm, Bariatu Housing Ranchi-9
9835137744

# संभल : दिशा-निर्देश जारी किये जायें

संभल में जो कुछ घट रहा है, वह देश पहली बार नहीं देख रहा और इससे फिर जाहिर हो गया है कि Places of Worship Act,1991 जैसा कानून होने के बाद भी एक ही गलती दोहराई जा रही है। संभल में किसकी गोली से चार लोगों की जान गयी, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट है कि न्यायपालिका की एक चूक ने संभल को इस स्थिति में पहुंचा दिया है। यह विवाद भी उसी तरह आकार ले रहा है, जैसे काशी और मथुरा में। संभल की जामा मस्जिद का मामला संवेदनशील है, ऐसे में पहला सवाल तो यही उठता है कि जिला अदालत ने इतने आनन-फानन में फैसला क्यों दिया? एक याचिका आती है, जिसमें दावा किया जाता है कि इस जगह मंदिर हुआ करता था, जिसे सन 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया। याचिका पर उसी दिन सुनवाई होती है और सर्वे का आदेश आ जाता है। आखिर, सर्वे का आदेश देने की इतनी जल्दी क्या थी? Places of Worship Act, 1991 को राम जन्मभूमि विवाद की परछाई में लाया गया था। यह कहता है कि 15 अगस्त 1947 को, जो पूजास्थल जिस धार्मिक स्वरूप में था, वह वैसा ही रहेगा और उसे बदला नहीं जा सकेगा। यहां तक कि एक ही धर्म के भीतर दूसरे संप्रदाय में भी उस स्थल का बदलाव नहीं होगा। जब यह एक्ट आया, तब अयोध्या मामला सुप्रीम कोर्ट में था, तो उसे अलग रखा गया। लेकिन, अब यह हो रहा है कि आये दिन किसी जगह को लेकर अदालतों में याचिका डाली जा रही है और आश्चर्य है कि सर्वे के लिए आदेश भी दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि विवादों के बांध को खोल दिया गया है। इसकी एक वजह खुद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ द्वारा की गयी Places of Worship Act, की अतिरिक्त व्याख्या है। मई 2022 में चंद्रचूड़ ने कहा था कि किसी पूजास्थल का धार्मिक स्वरूप नहीं बदला जा सकता, लेकिन धार्मिक स्वरूप की जांच करने से कानून नहीं रोकता। इस व्याख्या ने विवादों को पैर जमाने की जगह दे दी। अब इसी की आड़ में तमाम जगह सर्वे की मांग उठ रही है। सुप्रीम कोर्ट में 1991 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैं। 2022 में तत्कालीन चीफ जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली बेंच ने केंद्र सरकार से इस मसले पर जवाब मांगा था, जो अभी तक नहीं मिला है। सरकार की चुप्पी और निचली अदालतों की अतिरिक्त तेजी से देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो रहा है। बेहतर होगा कि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल देकर निचली अदालतों के लिए दिशा-निर्देश जारी करे कि इस तरह के मामलों को किस तरह से हैंडल करना है, वरना यह आग फैलती ही जायेगी।

**Places of Worship Act, 1991 को राम जन्मभूमि विवाद की परछाई में लाया गया था। यह कहता है कि 15 अगस्त 1947 को, जो पूजास्थल जिस धार्मिक स्वरूप में था, वह वैसा ही रहेगा और उसे बदला नहीं जा सकेगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने वाली प्रारंभिक शक्तियां भले ही अब कमजोर पड़ रही हों, लेकिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस समय कई नयी और जटिल उभरती चुनौतियां हैं, जिनके लिए सहकारी आंदोलन को नयी दिशा और उस पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो सके। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना देखा है, उसी के अनुरूप देश 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है।**

# नीतिगत क्रियान्वयन से भारत में सहकारिता आंदोलन को दिया जा रहा बढ़ावा



शाजी केवी



साझा आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समावेशी विकास रणनीति सहकार से समृद्धि के देश में अब तक काफी कारगर नतीजे सामने आये हैं। स्वतंत्रता से पहले के दौर में अगर हम भारत में सहकारिता आंदोलन की उत्पत्ति को देखें तो पायेंगे कि इसकी शुरुआत किसानों की गरीबी कम करने की चुनौती से हुई थी, जिसका मुख्य कारण बार-बार पड़ने वाला सूखा और साहूकारों की सूदखोरी प्रवृत्ति था। एनएएफआईएस, 2021-22 के अनुसार यह काफी प्रसन्नता का विषय है कि ग्रामीण सहकारी ऋण संस्थानों के माध्यम से केंद्र सरकार की निरंतर और लक्षित वित्तीय समावेशी पहलों के कारण, ग्रामीण परिवारों की साहूकारों और जमींदारों पर निर्भरता अब घटकर मात्र 4.2 प्रतिशत रह गयी है।

भारत में सहकारी आंदोलन को आगे बढ़ाने वाली प्रारंभिक शक्तियां भले ही अब कमजोर पड़ रही हों, लेकिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस समय कई नयी और जटिल उभरती चुनौतियां हैं, जिनके लिए सहकारी आंदोलन को नयी दिशा और उस पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सभी के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित हो सके। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना देखा है, उसी के अनुरूप देश 2047 तक विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। इन नयी चुनौतियों में किसानों की आय बढ़ाने से लेकर एक कुशल ग्रामीण आपूर्ति श्रृंखला हासिल करना, स्थायी आधार पर खाद्य मुद्रास्फीति को कम करना, कृषि के अलावा अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना, कृषि उत्पादकता तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले प्रयासों को बढ़ाना और डिजिटल क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाना शामिल है। सहकारी संस्थाएं अपने मजबूत स्थानीय ज्ञान, पूर्व की घटनाओं से अनुभव हासिल कर भविष्य की नयी योजनाएं, संपर्क कार्यक्रम बनाने तथा इन्हें मजबूत करने की क्षमता और नये कारोबारी माहौल के अनुरूप ढलने के कारण इन चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष रूप से उपयुक्त हो सकती हैं। सहकारी संस्थाओं के लिए मददगार नीतियां बनाने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र महासभा की सामाजिक विकास में सहकारी समितियों पर रिपोर्ट (जुलाई 2023) से जानकारी प्राप्त करना उपयोगी हो सकता है, जो इस बात पर जोर देती है कि सहकारी समितियां बाजार संबंधी विफलताओं से निपटने, हाशिए पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ा कर सतत विकास को सहारा देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। यह रिपोर्ट सहकारी समितियों के लिए एक उद्यमी प्रक्रियागत दृष्टिकोण की सिफारिश करती है, जो एक स्थानीय माहौल में आपस में जुड़े हुए नेटवर्क के माध्यम से सभी हिस्सेदारों को जोड़ती है।

**भविष्य में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में नीतिगत तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है।**

भारत के सहकारी क्षेत्र में दूध और चीनी के क्षेत्रों में मिली अपार सफलता केवल एकीकृत दृष्टिकोण के महत्व को ही प्रमाणित करती है। इसका एक और अन्य सफल उदाहरण भारत की सबसे पुरानी श्रमिक सहकारी संस्था - उरालुंगल लेबर कॉन्ट्रैक्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी का है, जो बुनियादी ढांचे से जुड़ी है और इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 साल पूरे कर रही है। यह वैकल्पिक उद्यमशीलता मॉडल का एक अनूठा उदाहरण है। यहां सहकारिता के दो विशिष्ट पहलुओं का उल्लेख करना आवश्यक है: पहला, सहकारी समितियों के बीच सहयोग का महत्व - जब उरालुंगल को एक सड़क परियोजना हेतु लिए गये भारी कर्ज की किश्तें चुकानी थीं, तो उसने 38 प्राथमिक सहकारी समितियों का एक संघ बनाया और उनकी मदद से यह भारी राशि जुटा सकी, जिससे उसकी साख भी बनी रही और साथ ही उसका विस्तार भी हुआ; दूसरा, निजी फर्मों के विपरीत, संकट की स्थिति में एक श्रमिक सहकारी समिति द्वारा रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

अमित शाह के शानदार नेतृत्व में भारत सरकार में एक नये सहकारिता मंत्रालय के गठन के परिणामस्वरूप सहकारी समितियों के लिए भारत में हाल की नीतियों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उभरती चुनौतियों की व्यापक और जटिल प्रकृति को ध्यान में रखते हुए तैयार की गयी हैं। इस तरह के कुछ बड़े प्रयासों में कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का गठन, इसे कंप्यूटरीकृत करना, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और पैक्स के लिए खुदरा पेट्रोल/डीजल आउटलेट/एलपीजी वितरण अधिकार; सहकारी क्षेत्र में गोदामों का व्यापक नेटवर्क; मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) का गठन; शामिल नहीं की गई पंचायतों में नये बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियां और पैक्स के लिए मॉडल उप-नियम शामिल हैं।

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), सहकारी समितियों के लिए अपने बहुस्तरीय और गतिशील रूप से उत्तरदायी सहयोगात्मक ढांचे के साथ, मंत्रालय के मार्गदर्शन में, सतत प्रक्रिया के रूप में नीति क्रियान्वयन से जुड़े लोगों को सक्षम बनाता है, जिसमें (अ) ग्रामीण सहकारी बैंकों को पुनर्वित्तपोषण का प्रावधान, कृषि, संबद्ध क्षेत्रों और ग्रामीण गैर-कृषि गतिविधियों के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋण देने के लिए उनके संसाधनों में पूर्ति करना; (ब) सहकारी विकास निधि के माध्यम से विकासात्मक समर्थन और वित्तीय समावेशन निधि के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना; (स) नीति और कार्यान्वयन समर्थन, जैसे पैक्स का कम्प्यूटरीकरण और 300 से अधिक ई-सेवाएं प्रदान करने वाले सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में पैक्स का कार्यान्वयन, और (द) वित्तीय स्थिरता को बनाये रखने के लिए पर्यवेक्षण जैसे प्रयास शामिल हैं।

नाबार्ड सहकारी समितियों को एक-दूसरे के तुलनात्मक लाभों से लाभान्वित करने की सुविधा प्रदान कर इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए सहकारी समितियों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। इस पहल में वित्तीय पक्ष से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिंदु- सहकारी समितियों और उनके सदस्यों के मौजूदा बैंक खातों को विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों में समेकित करना और उन्हें एक केंद्रीकृत जिला/राज्य सहकारी के तहत रखना होगा, जिससे सहकारी प्रणाली के संसाधन प्रणाली के भीतर ही बने रहेंगे।

भविष्य में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में नीतिगत तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है। हाल के वर्षों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण दुग्ध क्षेत्र की तर्ज पर इन तीनों वस्तुओं के लिए अधिक से अधिक किसान उत्पादक संगठनों का गठन और एक एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला मदद कर सकती है। आंतरिक तौर पर पूंजी निर्माण या सहकारी समितियों की आय को उनके भीतर ही बनाये रखना इन समितियों के विस्तार और आधुनिकीकरण की योजना बनाने में मददगार साबित हो सकता है। यह उत्पादकता और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों के बढ़ते महत्व को देखते हुए उपयोगी होगा। उपलब्ध कृषि योग्य भूमि के पीढ़ी दर पीढी बंटवारे को देखते हुए बागवानी फसलों की बिक्री से होने वाले लाभों के मद्देनजर विशेष रूप से बहु-राज्य सहकारी समितियों को उत्पादकों का एक व्यापक नेटवर्क बनाने की आवश्यकता हो सकती है। यह लागत को कम करने और उनकी मोलभाव करने की क्षमता में सुधार करने में मदद कर सकता है। भूमि स्वामित्व पर किसी भी जोखिम के बिना सहकारी समितियों द्वारा बड़े पैमाने पर भूमि पूलिंग जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दे सकती है।

डब्ल्यूटीओ के अनुरूप प्रसंस्कृत उत्पाद एक मजबूत कृषि-निर्यात उत्पाद क्षेत्र बनाने में मदद करने, तकनीक अपनाने, अधिक पारदर्शिता के साथ व्यापार करने में आसानी; प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण और उद्यमी कारोबारी तंत्र के विभिन्न हिस्सों के रूप में कृषि स्टार्ट-अप के साथ अंतर्संबंधों को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता होगी। वित्तीय संसाधनों तक पहुंच को उत्कृष्टता संबंधी प्रदर्शन से जोड़ा जाना चाहिए, जिसके लिए संसाधनों और उत्कृष्टता परिणामों के अंतिम उपयोग की जानकारी के साथ एक मजबूत डेटा बेस विकसित करने की आवश्यकता होगी।

ऋण क्षमता के आकलन के आधार पर कृषि ऋण के लिए वर्तमान आपूर्ति-आधारित दृष्टिकोण को धीरे-धीरे अंतिम उपयोग और परिणामों से संबंद्ध प्रतिबद्धताओं के आधार पर ऋण की प्रभावी मांग द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए। सहकारी समितियों को नये उभरते नवप्रवर्तकों या नये कारोबारी विचारों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने, वित्तीय और अतिरिक्त सहायताएं देने के लिए एक प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता भी हो सकती है। नीतिगत पोषण से प्रेरित एक पुनर्जीवित सहकारी आंदोलन देश में अधिक समावेशी ग्रामीण आर्थिक समृद्धि का अग्रदूत हो सकता है।


**(लेखक : नाबार्ड के अध्यक्ष हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत : खड़गे

## हमें चुनावी रणनीति में सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता





**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की दिल्ली में मीटिंग हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- चुनाव परिणामों से निराश नहीं होना चाहिए। पार्टी को मजबूत करने के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव की जरूरत है।

उन्होंने कहा, 'हमें चुनावी रणनीति में भी सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं होता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक में एक बार फिर इवीएम पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'इवीएम ने चुनाव प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है, चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए।'

खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने प्रदर्शन किया, उस हिसाब से विधानसभा के परिणाम देखकर चुनावी पंडित भी भ्रमित हैं।

खड़गे ने कहा कि राज्य चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए चुनौती है। पार्टी नेताओं में एकता की कमी, एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी चुनावों में हमें नुकसान पहुंचा रही है, इस पर सख्त अनुशासन की जरूरत है। पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर से लेकर एआइसीसी तक बदलाव लाने होंगे।

खड़गे ने बैठक में कहा कि चुनाव का माहौल हमारे पक्ष में होने से जीत की गारंटी नहीं मिलती। टाइम बाउंड स्ट्रैटेजी बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। विधानसभा चुनावों के लिए एक साल पहले से तैयारी करनी होगी, मतदाता सूचियों की जांच करनी होगी।

खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। एमवीए के लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद चुनाव पंडित भ्रमित हैं। हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा। दुष्प्रचार, गलत सूचना का मुकाबला करने के तरीके विकसित करने होंगे।

### कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे देश भर में लोगों के एजेंडे को लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों ने हमें झकझोर दिया, हमें कड़े कदम उठाने होंगे।

### मणिपुर से लेकर संभल तक बहुत गंभीर मसले हैं

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बातें बहुत सी हैं। मणिपुर से लेकर संभल तक का बहुत गंभीर मसले है। बीजेपी देश का ध्यान अपनी विफलताओं से भटकाने के लिए कई धार्मिक मुद्दों को विभिन्न माध्यमों से हवा देने की कोशिश कर रही है। हमें सत्ता में बैठी विभाजनकारी ताकतों को हर हालत में हराना है। क्योंकि हमने ये शानदार देश बनाया है।

**महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट पर कांग्रेस को आपत्ति, चुनाव आयोग को लेटर लिखा :** कांग्रेस ने शुक्रवार को ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की वोटिंग-काउंटिंग प्रोसेस में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा और व्यक्तिगत सुनवाई की मांग की।

# पोर्नोग्राफी से जुड़े मामले में शिल्पा के पति राज कुंद्रा के घर इडी की रेड

**शिल्पा शेट्टी के वकील बोले : छापों से मेरी क्लाइंट का संबंध नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी के घर में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा शुक्रवार सुबह छापेमारी की खबरें थीं। हालांकि अब शिल्पा शेट्टी के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा है कि एक्ट्रेस का नाम इस मामले में न घसीटा जाये। प्रशांत पाटिल ने एक स्टेटमेंट में कहा, मीडिया में खबरें हैं कि मेरी मुवक्किल मिसेज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। ये खबरें सच नहीं हैं और मिसलीडिंग हैं। उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है। हालांकि ये मामला राज कुंद्रा पर चल रहे केस से जुड़ा है, वो सच्चाई सामने लाने में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।

प्रशांत ने कहा है, हम मीडिया से अनुरोध करते हैं कि इस मामले में शिल्पा शेट्टी का नाम, फोटो या वीडियो इस्तेमाल न किया जाए, क्योंकि उनका मामले से कोई लेना-देना नहीं है। राज कुंद्रा पर आरोप हैं कि वो एप हॉटशॉट के जरिए पोर्न कंटेंट लोगों तक पहुंचाते हैं और इसका प्रोडक्शन भी करते हैं। इस एप के मालिक राज कुंद्रा हैं। उनकी ये एप पहले गूगल और एपल में उपलब्ध थी, 2021 में उनके खिलाफ केस होने के बाद इसे हटा दिया गया था।

**मुंबई-उत्तर प्रदेश की 15 जगहों की तलाशी ली जायेगी :** खबरें ये भी हैं जांच के लिए मुंबई और उत्तर प्रदेश में करीब 15 जगहों की तलाशी ली जा रही है। इसके जरिए एऊ मोबाइल एप्लिकेशन और दूसरे माध्यमों से पोर्नोग्राफी के सकुर्लेशन का पता लगा रही है।

**कुंद्रा के लिए सिंगापुर में कार करने वाले कर्मचारी के घर पर छापा :** राज कुंद्रा के लिए सिंगापुर में रहकर काम करने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर स्थित घर में भी छापा मारा गया है। सूत्रों के मुताबिक अरविंद की पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव का मायका कानपुर के बर्रा-8 स्थित एमआईजी ब्लॉक ए में है। बर्रा स्थित पीएनबी बैंक में 10 जनवरी 2008 में मां के साथ ज्वाइंट खाता खुलवाया था। उस दौरान हर्षिता के खाते में मात्र 20 हजार रुपए थे। इसके बाद मई 2019 से 2021 के बीच हर्षिता के खाते में 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये पहुंच गये। बैंक अकाउंट में आखिर अचानक दो करोड़ रुपये से अधिक की रकम कैसे ट्रांसफर की गयी। इस पैसे को राज कुंद्रा से सीधे तौर पर जोड़ कर देखा जा रहा है।

**पिता से पूछताछ कर रही है इडी टीम :** अरविंद और उसकी पत्नी हर्षिता कानपुर स्थित घर में तो नहीं मिले। लेकिन इडी की टीम घर में पिता और परिवार से पूछताछ कर रही है। पूरी जांच बैंक अकाउंट में मिली रकम पर टिकी हुई है।

# संभल मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी : सुप्रीम कोर्ट

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक और याचिका दायर**

**पुलिस अफसरों पर एफआइआर करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**संभल।** संभल की जामा मस्जिद मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आदेश दिया कि मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से कहा कि 8 जनवरी तक केस में कोई एक्शन न लें। शांति जरूरी है। गुरुवार को संभल की शाही जामा मस्जिद की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। उखक की बेंच में इस पर सुनवाई हुई।

वहीं, इलाहाबाद हाइकोर्ट में पुलिस अफसरों पर एफआइआर दर्ज कराने को लेकर एक और याचिका दाखिल की गयी है। यह याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र सचिव मोहम्मद यूसुफ ने दाखिल की है। उनका कहना है कि संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान विरोध में आयी भीड़ पर एक पुलिस वर्दीधारी ने कहा कि सब लोग गोली चलाओ। इसके बाद अंधाधुंध गोली चलाते पुलिस को देखा गया, जिसमें 5 लोगों की मौत हो चुकी है। यह हादसा नहीं, हत्या है।

वहीं, शुक्रवार को जामा मस्जिद में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क नमाज पढ़ने पहुंचे। पुलिस ने जियाउर्रहमान बर्क को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया है। जुमे के दिन करीब एक हजार लोग नमाज पढ़ने पहुंचे।

इससे पहले संभल की चंदौसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश नहीं हुई। एडवोकेश कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने कहा- 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हिंसा हो गयी थी, इसलिए रिपोर्ट तैयार नहीं हो पायी। कोर्ट ने सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया है।

बता दें कि संभल में रविवार, 24 नवंबर को मस्जिद में सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में चार युवकों की मौत हुई थी। संभल की चंदौसी कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर 19 नवंबर को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करते हुए सर्वे का आदेश दिया था।

# चक्रवाती तूफान 'फेंगल' आज पुडुचेरी पहुंचेगा


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव ने शुक्रवार दोपहर को चक्रवाती तूफान 'फेंगल' का रूप ले लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने यह जानकारी दी। यह तूफान 30 नवंबर को पुडुचेरी के पास पहुंचने की संभावना है, और इस दौरान हवाओं की गति 90 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।

मौसम विभाग ने बताया कि यह चक्रवात चेन्नई से 380 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए शनिवार दोपहर तक कराईकल और महाबलीपुरम के बीच लैंडफॉल कर सकता है।

### इन इलाकों में होगी भारी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, इस तूफान के चलते शुक्रवार और शनिवार को दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा के कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। नेल्लोर, चित्तूर, तिरुपति और अन्नामय्या जिलों में भी भारी बारिश का अनुमान है।



### मछुआरों के लिए चेतावनी जारी

मौसम विभाग ने दक्षिण तटीय क्षेत्रों में तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है, जो 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गयी है, और जो मछुआरे पहले से समुद्र में हैं, उन्हें तुरंत किनारे लौटने की हिदायत दी गयी है।

## लंबी कूद प्रतियोगिता में सन्नी मुंडा सुदेश, दिया व सोनम ने जीता स्वर्ण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** जनकल्याण समर्पण संस्थान की ओर से सिकीदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित खेल महोत्सव 2024 के छठे दिन शुक्रवार को बालक सीनियर वर्ग में सन्नी मुंडा स्वर्ण, आशुतोष करमाली रजत और नमित कुमार करमाली ने कांस्य पदक जीता। जबकि बालिका सीनियर में दिया थापा क्षेत्री स्वर्ण, आंचल कुमारी रजत और सरिता ने कांस्य जीता। वहीं, जूनियर में सुदेश महतो स्वर्ण, निखिल करमाली रजत व भूमिदेव मुंडा ने कांस्य पदक, बालिका जूनियर में सोनम कुमारी स्वर्ण पदक, आकांक्षा कुमारी रजत व चंचल कुमारी ने कांस्य पदक जीता। 3 वर्ष सेव रेस कोमल कुमारी ने स्वर्ण, यश रजवार रजत, लक्ष्मी कुमारी ने कांस्य, 5 वर्ष में अन्नू कुमारी स्वर्ण, शिवानी कुमारी रजत एवं गुलाबी कुमारी ने कांस्य पदक जीता। वहीं, 7 वर्ष आयु वर्ग में मनहा नाज स्वर्ण, विद्यांश कुमार रजत व शिवांक कुमार ने कांस्य जीता। 9 वर्ष में अंकित करमाली स्वर्ण, सौरव करमाली रजत, नवीन गंझू ने कांस्य, 10 वर्ष सोनम कुमारी स्वर्ण, ज्योति कुमारी रजत, चंचल कुमारी ने कांस्य पदक जीता। सभी विजेता खिलाड़ियों को समाजसेवी शशि कुमार साहू और हिमांशु महतो ने पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, सचिव राजकुमार, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार दीपू, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, राष्ट्रीय तैराकी कोच पिंकी कुमारी, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन और रांची जिलाध्यक्ष संजय कुमार गुड्डू, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव आदि मौजूद थे।

## यौन शोषण का आरोपी युवक गिरफ्तार

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा पुलिस ने यौन शोषण के आरोप में सिल्ली थाना क्षेत्र के गड़गांव निवासी अरुण मुंडा (25) को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। उसके खिलाफ अनगड़ा थाना क्षेत्र के अरवाबेड़ा की एक युवती ने पिछले दो वर्ष से यौन शोषण करने और गर्भवती किए जाने का आरोप लगाया था। मामले को लेकर विगत दो महीना पहले अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## जीवन में अच्छे काम करें, ताकि मरने के बाद भी लोग याद करें : थाना प्रभारी



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापुकेरा पंचायत के चटकपुर में स्व अजीत कुमार की स्मृति में शुक्रवार को जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी जयनाथ साहू के अलावा थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, किशोर साहू, जितेंद्र नायक, मुखिया सविता उरांव, पूर्व पंसस नसीम आलम आदि शामिल हुए। इस अवसर पर जयनाथ साहू ने कहा कि हमारे पूर्वजों की देन मेला-जतरा को बचा कर रखने की जरूरत है। वहीं, थाना प्रभारी संतोष यादव ने स्व अजीत कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने प्रतिभा से कलाकार जगत का नाम रोशन किया। कहा कि अपने जीवन में ऐसा काम करें कि मरने के बाद भी लोग आपको याद करें। मुखिया सविता उरांव ने कहा कि चटकपुर जतरा स्व अजीत कुमार की स्मृति में लगाया गया। उनके पद चिन्हों पर चलने कि जरूरत है। इस अवसर पर हॉकी टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया। जिसके विजेता कोचेया टोली और उप विजेता चलगी को स्व अजीत कुमार की मां जासवती देवी और मुखिया सविता उरांव ने पुरस्कृत किया। वहीं, नागपुरी गीत के कलाकार इग्निश कुमार, सुमन गुप्ता, क्यूम अब्बास, चिंता देवी, डांसर तमन्ना, काजल व एंकर प्रभात साहू आदि ने लोगों का मनोरंजन कराया। मौके पर अध्यक्ष अनमोल बड़ाइक, सचिव बली मुंडा, कोषाध्यक्ष भदई महली, मुख्य संरक्षक अनिरुद्ध कुमार, सुखनाथ कुमार आदि ने जतरा की सफलता पर बधाई दी।

## खूंटी में गायत्री शक्तिपीठ निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय से सटे ऐरेंडा ग्राम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ के निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों और आध्यात्मिक गुरुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। गायत्री परिवार के प्रवक्ताओं रांची जोन के समन्वयक रामनरेश प्रसाद, सह समन्वयक प्रसून और उप जोन समन्वयक दयाशंकर प्रसाद ने बताया कि शक्तिपीठ निर्माण का उद्देश्य पूरे जिले में आध्यात्मिक जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। यह शक्तिपीठ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को पुनर्जीवित करने का माध्यम भी बनेगा। मुख्य यजमान के रूप में गिरीश जायसवाल सपत्निक के अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शक्तिपीठ निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले देवेंद्र भगत ने शक्तिपीठ निर्माण को क्षेत्र के विकास और आध्यात्मिक उत्थान के लिए मील का पत्थर बताया। कहा कि शक्तिपीठ के निर्माण से पूरे जिले को आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक दिशा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कर्रा, रनिया, अड़की, मुरहू आदि प्रखंडों सहित खूंटी के कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया।

## फरार आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के कुम्हरिया गांव में रामगढ़ जिले के पतरातू क्षेत्र के भदानी नगर थाना की ओर से वांछित आरोपी संजय उराव के घर शुक्रवार को इश्तेहार चस्पाया गया है। बतातें चलें कि संजय उरांव लंबे समय से फरार चल रहा हैं।

## ईशा फाउंडेशन का इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम 5 से 8 दिसंबर तक रांची में

**कांके (आजाद सिपाही)।** सद्गुरु की ओर से स्थापित ईशा फाउंडेशन कोयंबटूर की ओर से राजधानी रांची के सीएमपीडीआई स्वर्णरेखा हाल (स्टाफ कॉलेज बिल्डिंग के समीप) पांच से आठ दिसंबर तक इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शांभवी महामुद्रा क्रिया का अभ्यास फाउंडेशन के प्रशिक्षित इशांगा द्वारा सद्गुरु की देखरेख में कराया जाएगा। इनर इंजीनियरिंग कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक लोग इशा.को/आइरांची पर रजिस्टर कर सकते हैं।

# हथियारबंद बदमाशों का स्लरी उठाव स्थल पर धावा, ट्रक में लगायी आग

## हवाई फायरिंग कर डराने की कोशिश, सुरक्षा कर्मियों के साथ की मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** थाना अंतर्गत जी-टाइप के निकट स्लरी उठाव स्थल पर गुरुवार की रात अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया। रात करीब 12.30 बजे 6-7 की संख्या में अज्ञात युवक स्लरी उठाव स्थल पर पहुंच गए। इन लोगों ने हवाई फायरिंग की वहां मौजूद ट्रैक्टर व टर्बो ट्रक चालकों के साथ मारपीट की। खलारी सीमेंट लिमिटेड के सुरक्षा गार्डों के साथ भी मारपीट किया। साथ ही चालान काटने के लिए लगाए गए तंबू को उखाड़ दिया। अपराधी अपने साथ बोतल में पेट्रोल लेकर आए थे। वहां खड़े एक टर्बो ट्रक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। जाते-जाते अपराधी स्लरी के लिए दिए जाने वाले चालान बुक और स्लरी के पैसे भी छीनकर ले गए। बताया जा रहा



बदमाशों के आग लगाने पर जलकर खाक हुआ टर्बो ट्रक।

कि घटना को अंजाम देने के दौरान अपराधी कह रहे थे कि वे 'आलोक जी' के लोग हैं। आलोक जी से बात किए बिना काम चालू नहीं करना है। इधर, घटना की सूचना पाते ही खलारी पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि रात के अंधेरे का लाभ उठाकर अपराधी भाग चुके थे। इधर, खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले जल्द ही पुलिस के कब्जे में होंगे।

बतातें चलें कि खलारी मौजा के करीब 80 एकड़ भूमि पर स्लरी (सीमेंट निर्माण का वेस्ट मैटेरियल) फैला हुआ है। एसीसी लिमिटेड द्वारा सीमेंट बनाने के दौरान करीब 50 सालों तक वेस्ट मैटेरियल के रूप में चूना पत्थर का अनुपयोगी घोल बहाया गया था। सूखने के बाद पत्थर के डस्ट के रूप में काफी मोटी परत में फैला हुआ है। ईंट निर्माण में बालू की जगह इस पत्थर के डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसके कारण खलारी सहित चान्हो, मांडर के ईंट भट्ठों में स्लरी की मांग है। खलारी सीमेंट लिमिटेड इस स्लरी पर अपना अधिकार बताती है और वेस्ट मैटेरियल के रूप में इसकी कीमत ले रही है। प्रति टर्बो ट्रक 750 रूपए तथा प्रति ट्रैक्टर 350 रूपए लिए जाते हैं। इसका चालान दिया जाता है, जिसमें 5 प्रतिशत जीएसटी दर्शाया जाता है। बताया जा रहा कि इसी पैसे से स्थानीय कुछ युवकों को भी हिस्सेदारी दी जाती है। स्लरी का उठाव पूर्व से विवादित रहा है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन करीब 50 हजार रुपये स्लरी उठाव के एवज में दिए जाते हैं। इसी पैसे में अपनी हिस्सेदारी तय करने के लिए अपराधी धावा बोल रहे हैं।

## अमित महतो ने सिल्लीवासियों का जताया आभार

**मुरी (आजाद सिपाही)।** नवनिर्वाचित विधायक अमित महतो ने शुक्रवार की शाम मुरी से भिखारी चौक सींगपुर तक रैली निकालकर लोगों का आभार जताया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उन्हें जीताकर मौका दिया है उस पर चहूंमुखी विकास कर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। लोगों के रुके हुए काम है उन्हें समय पर पूरा करने का प्रयास करूंगा। मौके पर उनकी पत्नी पूर्व विधायक सीमा देवी, जिप सदस्य लक्ष्मी देवी, फखरुद्दीन राय आदि उपस्थित थे।



## बीसीकेयू के एरिया अध्यक्ष इरफान ने की विधायक से मुलाकात



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान ने रांची में यूनियन के पदाधिकारी सह विधायक से मुलाकात की है। एरिया अध्यक्ष इरफान खान ने भाकपा-माले के निरसा विधायक अरूप चटर्जी,सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो,और बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह से रांची में मिलकर जीत की बधाई दी और इरफान खान ने दोनों विधायक को खलारी आने का न्योता दिया जिस पर विधायक ने जल्द खलारी आने का आश्वासन दिया।

## शून्य दुर्घटना के साथ ही बेहतर उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता: आफताब अहमद

**पिपरवार में हुई त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा पर चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में शुक्रवार को त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता माइन्स सेफ्टी विभाग के निदेशक आफताब अहमद और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपल ने किया। बैठक में निदेशक माइंस सेफ्टी (माईनिंग) आफताब अहमद, निदेशक माइंस सेफ्टी (मैकनिकल) रत्नाकर सुनकी, निदेशक माइंस सेफ्टी (इलेक्ट्रिकल्स) टी अरूण, डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी अजेश मोहम्मद, सीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं संचालन) सुनील कुमार सिंह,



सुरक्षा समिति की बैठक में मौजूद लोग।

आईएसओ मनीष मोहन आदि शामिल हुए। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान कोयला उद्योग में शहीद कामगारों को श्रद्धांजलि दी गई। अशोक परियोजना के खान प्रबंधक एसके सिंह ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से पिपरवार क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निदेशक माइंस सेफ्टी आफताब अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर सुरक्षा से संबंधित बातों की समीक्षा की जा रही है। कहा कि मजदूरों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कोयला खदान में सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है, इसके लिए मजदूरों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर कोयला उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता है। इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह, सीएचपी/सीपीपी पीओ धनजंय कुमार, खान प्रबधंक एसके सिंह, स्टॉफ ऑफिसर पर्सनल नागेश कुमार गोपाल, स्टॉफ ऑफिसर सिविल विपिन बिहारी, विद्युत एवं यांत्रिक पीके सिंह, पीएंडपी डीके शर्मा आदि मौजूद थे।

## इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में नर्सों की भारी कमी

### भर्ती मरीजों नहीं मिल पा रहा स्वास्थ्य सेवा का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में भर्ती मरीजों और नर्सों की व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है। यहां पदस्थापित मात्र एक नर्स दिन-रात अपनी सेवा देकर परेशान हो चुकी है। वहीं, मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे टीबी रोग से ग्रस्त मरीजों की मौत तक हो जा रही है। विगत बुधवार को इंटरवार्ड के शैय्या 32 में भर्ती अमित लुगून की मौत जाता उदाहर है। मृतक सिमडेगा जिले के जलडेगा गांव का रहने वाला था। पता चला है कि अब तक यहां इलाजरत 20 मरीजों की मौत हो चुकी है। अव्यवस्था के कारण भर्ती मरीज दो-चार दिनों के अंदर छुट्टी कराकर चले जाने को विवश हो गये है, क्योंकि यहां नर्सों की भारी कमी के कारण मरीजों को समय से दवा, इंजेक्सन आदि उपचार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। अकेली नर्स करें तो क्या करें उसे समझ नहीं आ रहा है। आरोग्यशाला प्रशासन द्वारा कई बार पत्राचार के माध्यम से स्वास्थ्य



विभाग को यहां नर्सों की भारी कमी से अवगत कराया जा चुका है। पर स्वास्थ्य विभाग ने अबतक आरोग्यशाला में नर्सों के पद स्थापना के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की है। अधिकृत विभागीय जानकारी के अनुसार पिछले चार वर्षों से यहां नर्सों की कमी है।

### अनुभव विहीन वार्डवॉय संभाल रहे नर्स का काम

आरोग्यशाला प्रशासन ने यहां भारी नर्सों की कमी के कारण अनुभव विहिन वार्ड वॉय कर्मचारियों को भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य सेवा में प्रति नियुक्त कर रखा है। पदस्थापित नर्स ने बताया कि प्रतिनियुक्त वार्ड वॉय अनट्रेंड है। जिस कारण मरीजों को दवा देने सहित अन्य चिकित्सा सेवा में काफी परेशानी होती है। वहीं, इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला एक समय में 454 शैय्या वाली थी।

### नर्सों के अभाव से हो रही परेशानी : अधीक्षक

इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला अधीक्षक डॉ प्रभाकर कुमार भगत ने स्वीकार किया कि यहां परिचारिकाओं की नितांत कमी है। जिससे मरीजों स्वास्थ्य सेवा में व्यवधान उत्पन्न होती है। हालांकि रोगियों के स्वास्थ्य सेवा में आ रहे व्यवधान से निपटने के लिए वॉड वॉय कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। आरोग्यशाला प्रशासन द्वारा यहां नर्सों की पदस्थापना के विभाग को पत्राचार किया जा चुका है जल्द ही नर्सों की पदस्थापना की जायेगी।

फिलहाल मात्र 42 टीबी मरीज भरती है। आरोग्यशाला में परिचारिका ए श्रेणी के 38 पद है जिसमें एक नर्स और एक मेट्रोन कार्यरत है। जबकि 36 पद रिक्त है। वहीं, परिचारिका के सातों पद रिक्त है। मेट्रोन प्रशासनिक कार्य में व्यस्त रहती है जबकि एक नर्स भरती रोगियों के उपचार संभाल रही है।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना परिसर में नवनिर्मित श्रीश्री देव हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। यात्रा मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर बरगावां होते हुए सपाही नदी तक पहुंची। वहां सैकड़ों भक्तगण कलश में जल भरकर श्री श्री देव हनुमान मंदिर वापस पहुंचे। कलश यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी मनोज कुमार सिंह और थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने किया। इस दौरान पुजारी आचार्य पंडित मुकेश भास्कर ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल अर्पित कराया। उनके साथ गांव के पुरोहित रामानंद पांडेय भी शामिल थे। इसके उपरांत आचार्य मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ भी किया गया। मंदिर निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मनोज सिंह ने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य इस वर्ष 24 जनवरी को भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ था और मात्र 10 महीनों में मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मनोज सिंह ने बताया कि शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है।

## विश्व प्रसिद्ध स्काउट नृपेंद्र नाथ शाहदेव की जयंती पर रक्तदान व खेलकूद का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर महाविद्यालय प्रांगण में विश्व प्रसिद्ध स्काउट कुमार नृपेन्द्र नाथ शाहदेव की जयंती पर शुक्रवार को एनसीसी कैडेटस की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ बुदू उरांव ने की। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी ऑफिसर डॉ अनसेलम मिंज और दिव्या रानी ने किया। इस अवसर पर डॉ अनसेलम मिंज ने बताया कि एनसीसी और स्काउट एण्ड गार्ड समाज सेवा, सामुहिक विकास और राष्ट्रसेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसके बाद दिव्या रानी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम स्काउट कप्तान, छोटानागपुर के कुमार नृपेन्द्र नाथ शाहदेव के बारे में बताया और विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों से सीख लेने की सलाह दी। वहीं, रक्तदान शिविर के लिए रांची सेवासदन अस्पताल से डॉ उदित और मो शहबाज, कोंस्टेंट लिवंस अस्पताल से जिंटो उपस्थित थे। वहीं, प्राचार्य डॉ कुमार एएन शाहदेव ने बताया कि माण्डर महाविद्यालय के बच्चों में खेल कुद और सांसकृतिक गतिविधियों को पढ़ाई के साथ-साथ बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने रक्तदान की खूबियों को बताते हुए लोगों से रक्तदान करने की अपील भी की। इस मौके पर डॉ सोमरा उरांव, डॉ केपी शाही, उदय कुमार, डॉ ममता कुमारी बाड़ा, डॉ नीलम कुमारी, सुषमा कुजूर, बसंती कुमारी, नीलिमा खलखो, विनोद राम, हेमकांत समीर होरो, तुलसी उरांव, डॉ विवेक कुमार, अजीत एक्का, दुर्गा उरांव, मंटू उरांव, एगनेश एक्का और विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे।

## देवेंद्रनाथ महतो ने कार्यकर्ताओं के साथ की चुनावी समीक्षा बैठक, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो चुका है। आइएनडीआइए महागठबंधन की नई सरकार का गठन भी हो चुका है। वहीं, सभी राजनीतिक दल चुनावी समीक्षा में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेताओं ने सिल्ली में अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें वर्तमान चुनावी स्थिति पर समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक शुक्रवार को त्रिसंगम सतीघाट सोनाहातु में हुई। जिसमें सोनाहातु प्रखंड के सभी 14 पंचायत के 81 पोलिंग स्टेशन के बूथ कमेटी सदस्य व बूथ प्रभारी मौजूद रहे। इस दौरान बूथ में पड़े मतदान एवं अन्य मौजूद स्थिति का आंकलन किया गया। बैठक में उपस्थित प्रत्याशी व संगठन के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि जमीनी स्तर से संगठन को मजबूत कर सभी त्रुटि को सुधारते हुए जनता के हित में संघर्ष जारी रहेगा। सिल्ली की जनता ने 41,725 मत देकर हमारे संगठन में सेवा करने की ऊर्जा को बढ़ाया है। संगठन के सभी साथी सिल्ली विधानसभा की जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड नव निर्माण के लिए जनता मूड बना चुकी है। टाईगर जयराम महतो के विचार पर संपूर्ण झारखंड से भारी जन समर्थन मिला है।

## दिवंगत पत्रकार सुदेश के श्राद्धकर्म में पहुंचे विधायक



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल के दिवंगत पत्रकार सुदेश कुमार के श्राद्ध कर्म में शुक्रवार को ईचागढ़ की विधायक सविता महतो भी शामिल हुई। उन्होंने दिवंगत पत्रकार की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलू महतो और परमानंद पसारी आदि उपस्थित थे।

## युवक की हत्या, जंगल से शव बरामद

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय एक युवक की हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। गुरुवार को गभड़ेया जोजोटोला जंगल से उसका शव बरामद हुआ है। उसकी पहचान धर्मपाल मुंडा के रूप में हुई है, जो बुंडू के बड़कोलमा गांव का रहने वाला था। वह पेशे से टेंपो चालक था। टेंपो लेकर बुंडू से नवाडीह जा रहा था, तभी अज्ञात अपराधियों ने उसे रोककर गभड़ेया जोजोटोला जंगल में ले जाकर हत्या कर दी। दशम फॉल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। साथ ही हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक इस मामले में किसी के गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं है।

## सोलर पावर प्लांट ग्रिड की चाहरदीवारी व मिट्टी जांच कार्य को मछुआरों ने फिर रोका

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद में शुक्रवार को सोलर पावर प्लांट ग्रीड के चाहरदीवारी और मिट्टी जांच के लिए खोदे जा रहे गड्ढे के कार्य को मछुवारों ने फिर से रोक दिया। इससे पहले भी गत 27 सितंबर को मछुवारों ने काम रोक दिया था। मछुवारे गेतलसूद डैम में लगने वाले फ्लोटिंग सोलर पावर पैनल लगाए जाने का विरोध कर रहे है। मछुवारों का नेतृत्व कर रहे गेतलसूद मत्स्यजीवी संघर्ष समिति के सचिव भोला महतो ने कहा कि गेतलसूद डैम में सोलर पैनल लगाने से मछुवारों की रोजी रोटी छीन जायेगी। जलाशय में मछली मारने के लिए जगह नहीं बचेगा। ऐसे में मछुवारे बेरोजगार हो जाएंगे। इसलिए यहां पावर ग्रीड को किसी भी सूरत में बनने नहीं दिया जाएगा। इससे पूर्व विरोध की आशंका के मद्देनजर प्रशासन ने कार्यस्थल पर भारी संख्या में रैफ के जवानों को तैनात किया था। जिसमें महिला सुरक्षा बल भी शामिल थे। भारी विरोध के बीच अनगड़ा बीडीओ जयपाल सोय, सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव, इंस्पेक्टर हंसे उरांव, अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल शाह सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने मछुवरों को समझाने की काफी कोशिश की। लेकिन वे कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। मछुवारे ग्रीड नहीं बनाए जाने की मांग पर अड़े रहे। मछुवारे अपनी मांगों के समाधान के लिए सांसद व विधायक के साथ वार्ता के बाद निर्णय लेने की मांग कर रहे थे। जिसे प्रशासन ने मान लिया। इसके बाद मामला शांत हुआ। मालूम हो कि गेतलसूद डैम के सेकी (सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया) के द्वारा 172 हेक्टेयर जल भाग पर करीब 450 करोड़ रुपए की लागत से वाटर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाना है। एलएंडटी कंपनी द्वारा इस काम को कराया जाना है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 30 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# 'प्रधानमंत्री आवास योजना' की राशि लेकर भी काम नहीं कराने वालों पर होगी कार्रवाई

## विश्रामपुर में ऐसे लाभुकों की संख्या 174, दर्जनों बार हो चुका है नोटिस जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** देश में गरीबों के भी खुद के पक्के मकान हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2016 में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' नामक एक महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की। अब तक विश्रामपुर प्रखंड में सैकड़ों लोग इस योजना का लाभ लेते हुए अपना पक्का मकान बनवा चुके हैं। कुछ लोग सरकारी राशि के अलावा कुछ अपना पैसा भी




लगाकर सपनों का घर बनवा चुके हैं. जबकि कुछ ऐसे भी लोग हैं जो सरकारी धनराशि लेकर भी आवास निर्माण नहीं करा रहे हैं। विश्रामपुर प्रखंड में ऐसे लाभुकों की संख्या 174 है। जिन्होंने इस योजना का प्रथम व द्वितीय किस्त की राशि लेकर भी आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं जो प्रथम किस्त लेने के बाद निर्माण कार्य शुरू भी नहीं कराया है। प्रखंड कार्यालय की ओर से निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इन लाभुकों को कई बार नोटिस भी निर्गत किया गया। बावजूद इसके किसी ने अब तक आवास निर्माण कार्य ना तो प्रारंभ किया और ना ही अग्रिम राशि ही वापस लौटायी है। अब प्रखंड प्रशासन ऐसे लाभुकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। बीडीओ राजीव सिंह ने बताया कि राशि लेकर आवास निर्माण नहीं कराने वाले लाभुकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। राशि रिकॉभरी के लिए भी कड़ी कार्रवाई शुरू की जायेगी। इसके अलावा इस मामले में पंचायत सचिवों की भूमिका की भी जांच कराते हुए उनकी जिम्मेवारी तय की जायेगी।

# विधायक संजय सिंह यादव ने पीपरा बाजार का भ्रमण कर जाना हाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित राजद विधायक संजय सिंह यादव चुनाव जितने के बाद शुक्रवार को पिपरा बाजार के भ्रमण पर निकले। उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। विधायक ने सरैया गांव निवासी राजद के पुराने कार्यकर्ता बीगन साईं (60) को हार्ट अटैक की खबर पाकर परिजनों से मिलने गांव पहुंचे थे। कहा कि बिगन साईं के निधन से राजद परिवार काफी दुखी है। कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर चौतरफा विकास होगा। इस मौके पर रवि यादव, अर्जुन यादव, संजय यादव उपस्थित थे। दूसरी ओर, सरैया के मुखिया प्रियंका तिवारी व विकास तिवारी ने भी शोक प्रकट किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार
Email- rdsd.latehar@rediffmail.com

निविदा रद्द करने संबंधी सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– EE/RDSD /LATEHAR/16/2024-25(2ND CALL) Gr_2 जिसका PR NO- 337887 Rural Development (24&25):D है तथा यह दिनांक–03.10.2024 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार
PR 340721 Rural Development(24-25).D

# राजद कार्यकर्ताओं ने सिगसिगी में निकाला भव्य विजय जुलूस



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के सुलूमदाग में राजद कार्यकर्ताओं ने विधायक नरेश प्रसाद सिंह की जीत की खुशी में शुक्रवार को विजय जुलूस निकाला। जिसका नेतृत्व पूर्व मुखिया मुद्रिका यादव उर्फ मुलायम सिंह यादव खुद कर रहे थे। जुलूस की शुरूआत देवी धाम से हुआ, जो तीन मुहान, जावा खाड़ होते हुए पुनः देवी धाम में वापस आकर समाप्त हुआ। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। जुलूस में राजद के युवा नेता विकाश यादव, राजंद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, रविन्द्र यादव, महेंद्र यादव, प्रेम चौधरी, डॉ जितेंद्र यादव, उमेश यादव, कामेश यादव, राजेंद्र यादव, रमेश चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, संतोष कुमार यादव, अनिल यादव, दीपेंद्र यादव, मनोज यादव, रामदेव यादव आदि शामिल थे।

# रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से मिलकर सांसद वीडी राम ने की समस्याओं से निजात दिलाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल (वीडी) राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में जाकर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र में रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सांसद ने बताया कि झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर वर्षों से परिचालन रद्द कर दिया जाता है। इस बार दो दिसंबर से 10 जनवरी 2025 तक उक्त ट्रेन के परिचालन को बंद करने का रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है। जिसे रद्द करते हुए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखा जाए। इस पर चेयरमैन सतीश कुमार ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारियों से बात कर उक्त ट्रेन का परिचालन जारी रखने का आश्वासन दिया। इसके अलावा ससांसद ने बताया कि



पलामू के विभिन्न स्थानों पर बिना नाम वाले क्रासिंग को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो-भागों में बंट गये हैं। वहां के निवासियों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि उक्त स्थानों पर समपार फाटक बनाने से जनता को समस्याओं से निजात मिल सकेगी। इनमें लहरबंजारी-उंटारी रोड प्रखंड, बेगमपुरा-मोहम्मदगंज प्रखण्ड, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखंड, डाली- हैदरनगर प्रखंड, बुढ़वापीपर- डालटनगंज सदर, बखारी-डालटनगंज सदर, अहिरपुरवा-नगर उंटारी, गढ़वा जिला, कुम्भी- मेराल ब्लॉक, सोनपुरवा-गढ़वा जिला शामिल है। जहां सांसद ने जनता की कठिनाईयों को देखते हुए उपरोक्त स्थानों पर समपार फाटक का निर्माण कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर चेयरमैन ने भी समाधन करने का भरोसा दिया है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/16/2024-25(3rd CALL)
1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग ग्राम सेमरसोत में चरकी डोकी बांध के पास पुल निर्माण। | 9948644 | 199000 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2024 से दिनांक 12.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार
PR 340725 Rural Development(24-25).D

# लोकपाल ने बघमनवां पंचायत में मनरेगा योजनाओं की जांच की, दिये कई निर्देश



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू मनरेगा के लोकपाल शंकर कुमार ने शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के बघमनवां पंचायत में संचालित योजनाओं की जांच की। इसी क्रम में योगेंद्र पाल के कूप निर्माण की जांच की, जहां कूप का निर्माण गुणवत्तापूर्ण पाया गया। शंकर कुमार ने बताया कि स्थल पर सूचना बोर्ड नदारत था। वहीं अन्य योजनाओं में भी त्रुटि पाई गई। जिसे सुधार करने के लिए बीपीओ प्रभात कुमार, कनीय अभियंता शिवनाथ राम, रोजगार सेवक अरुण कुमार सिंह को कई निर्देश दिया गया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा मजदूर को काम देने के लिए भी निर्देशित किया गया।

# बैंक व पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड सुधार नहीं होने से लोग हुए परेशानी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपही)।** नगर पंचायत क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने व सुधार कराने में एसबीआई बैंक में संचालित आधार केंद्र बंद है। इससे लोगों को आधार कार्ड बनाने व सुधार कराने में काफी परेशानी हो रही है। लोग सुबह से बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। शहर में पहले बैंक व पोस्ट आफिस में आधार कार्ड बनाने व सुधार का काम हो रहा था। पोस्ट ऑफिस में पहले से ही बंद है। अब बैंक में भी कभी मशीन खराब तो कभी सर्वर डाउन का बहाना बनाकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। शुक्रवार को बैंक के बाहर स्कूली बच्चों व महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। एसबीआई के शाखा प्रबंधक रवि शंकर नायक ने बताया कि फिलहाल उपर से अगले आदेश तक बंद रखने की सूचना दी गई हैं। फिर पुनः आदेश आने पर आधार सुधार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएंगी। दूसरी ओर, लोगों ने बताया कि आधार कार्ड में सुधार के लिए परेशान होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से बंद पड़े प्रज्ञा केंद्रों पर आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया चालू कराने की मांग की हैं।

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
CIN No. U40108JH2013SGC001702
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, GARHWA
Regd.office :- Kuchery Road , Nawada more, Garhwa, 822114,
Email: esegarhwa@yahoo.in

Short Tender Notice

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 230/PR/ JBVNL/ 2024-25 | Construction of Retaining wall at east-side of 33/11 KV PSS Pharathia under Electrical Supply Circle, Garhwa | 999800.00 | ( 03 ) THREE MONTHS | 20000.00 | 1475.00 ( Including 18% GST ) | 13/12/2024 upto 12:00 PM | 13/12/ 2024 at 12:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till the one day before the date of submission of tender in working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. General Manager (Tech)
Electric Supply Circle, Garhwa

PR.NO.340742 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D

# सपा नेता ने मतदाताओं का जताया आभार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा से सपा प्रत्यासी कमलेश कुमार यादव ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जागरूक मतदाताओं ने जो हमें आशीर्वाद दिया है उनके हित और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहेंगे। साथ ही आइएनडीआइए गठबंधन के समर्थन से दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर हेमंत सोरेन को बधाई दी है। कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने राज्य में झामुमो-कांग्रेस-राजद महागठबंधन के पक्ष में मतदान कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी उस पर वे खरा उतरेंगें। साथ ही राज्य के बेरोजगार युवाओं और किसानो के हित में कार्य करेंगें।

# एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के 50 छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए दिल्ली रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 50 विद्यार्थी रवाना हुए। इसमें 37 बालक एवं 13 बालिकाएं शामिल हैं। सभी विद्यार्थी विभिन्न आयु वर्ग 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष के विभिन्न खेलों बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, लॉन टेनिस, स्केटिंग, एथलेटिक्स,ताइक्वांडो, कराटे इत्यादि खेलों में बालक-बालिका वर्गो में अलग-अलग भाग लेंगे। ये सभी खेल दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा जैसे प्रतिष्ठित एवं सरकारी मान्यताओं वाले स्टेडियमों, यमुना स्पोर्ट्स परिसर नई दिल्ली, महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद, खेलगांव दिल्ली जैसे स्टेडियमों में खेलेंगें। विद्यालय के वरिष्ठ खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि ये सभी प्रतियोगिताएं दो से 4 दिसंबर के बीच होंगी। इसमें 14 वर्ष आयु वर्ग बास्केटबॉल में ऋतिक कुमार, विकास सिंह, अंश तिवारी, नव्या कुमारी आदि शामिल है, जबकि 17 वर्ष आयु वर्ग खो-खो में रानी




कच्छप, आरती कुमारी, राखी ओरांव आदि शामिल हैं। 19 वर्ष आयु वर्ग टेबल टेनिस में अनुज प्रभाकर आदि शामिल हैं। खिलाड़ी एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के ध्वजवाहक बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए जा रहे हैं। ये सभी छात्र विद्यालय के वरिष्ठ खेल शिक्षकों मयंक सिंह, ओंमकार शरण मिश्रा एवं अपर्णा पांडे की देखरेख में जा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विदा करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज डॉ जीएन खान ने कहा कि ये सभी छात्र राज्य स्तर पर विभिन्न जिलों के अनेक खिलाड़ियों को मात देकर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए हैं। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स एसजीएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त है। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करना अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर ये छात्र विद्यालय एवं संपूर्ण पलामू को गर्वान्वित होने का अवसर दिया है। डीएवी प्रबंधन छात्रों की सभी प्रतिभाओं को निखारने का काम करता है। पठन-पाठन के लिए अत्याधुनिक शिक्षण-सामग्री तथा उच्च योग्यता धारी शिक्षक और खेलकूद के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की व्यवस्था कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को चयनित होने पर बधाई एवं अग्रतर प्रदर्शन की शुभकामना दी है।

# छात्रवृत्ति योजना के लिए एकडरी मध्य विद्यालय के 28 विद्यार्थियों का चयन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें हुसैनाबाद प्रखंड के एकडरी मध्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के 28 छात्र-छात्राओं का चयन छात्रवृत्ति योजना के लिए हुआ है। सभी को सरकार की ओर से एक वर्ष में 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं, छात्रवृति पाने वाले विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार, शिक्षक पूनम, उपेंद्र, अशलम, लक्ष्मी व सीता के कुशल मार्गदर्शन को दिया। वहीं प्रधानाध्यापक ने उतीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जिला विधिक सेवा प्रधिकार, (व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा)
फोन न0 6200937857

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के पत्रांक 3529 दिनांक 22/11/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा मे 10(दस) पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक सेना के जवान / ट्रांसजेंडर (Transgender) मे से किया जाना है।
महत्वपूर्ण निर्देश :–
1. आवेदक की निम्नतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्श होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबंद्ध नही होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए)के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह – अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा (व्यवहार न्यायालय परिसर,) के पते पर कार्यालय अवधि मे पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक 11/12/2024 तक निबंधित डाक द्वारा अथवा हाथो हाथ जमा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नही किया जाएगा।
5. पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक / कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक / कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ ट्रांसजेंडर (Transgender) में से किया जाएगा।
6. पी0एल0वी0 के रूप में कार्य हेतु करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोडकर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0एल0वी0 को उसके कार्य हेतु नही मिलता है।
8. पी0एल0वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारो को आमलोगो और कानूनी सेवा संस्थानो, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप मे कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाशाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदको को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पश्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतु समर्पित किया जाता है।

पारा लीगल वोलेन्टियर हेतु आवेदन प्रपत्र
1. अभ्यर्थी का नाम:–
2. पिता/ पति का नाम:–
3. माता का नाम:–
4. जन्म तिथि, दिन/माह/वर्श
5. लिंग:–
6. जाति:–
7. जन जाति/ स्थानीय भाशा का ज्ञान:–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यता:–
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण:–
10. स्थानीय पता और संपर्क:–
11. स्थायी पता और संपर्क:–
12. मोबाईल नम्बर:–

घोषणा:–
मैं .................................. घोशणा करता/करती हूँ कि:
(क) मेरे विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोशसिद्ध हुआ/हुई हूँ।
(ख) मैं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर कोडरमा द्वारा प्रदत्त कार्यो का निर्वहन पूर्ण निश्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी।

स्थान:–
दिनांक:–
अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
नोट:– विस्तृत जानकारी हेतु विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय या website https:// koderma.dcourt.gov.in पर संपर्क कर सकते है।

आदेशनुसार
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा।
PR 340781 Law(24-25)D

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर पुलिस ने की कार्रवाई

# बंगाल-झारखंड सीमा पर रोके गये आलू लदे ट्रक

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** पश्चिम बंगाल में आलू की कीमतों में लगातार वृद्धि को देखते हुए उस पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आलू के निर्यात पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। जिसके आलोक में गुरुवार की रात से ही बंगाल पुलिस ने आलू गोदामों से आलू लाद कर दूसरे राज्यों में जा रहे ट्रको को बंगाल-झारखंड सीमा के कुल्टी थाना अंतर्गत डुबूडीह चेक नाका पोस्ट पर रोक दिया गया। जिन्हें बाद में वापस बंगाल के गोदामों में जाने को कहा गया। बताया जा रहा कि मुख्यमंत्री ने सख्त आदेश दिया है कि जब तक राज्य में आलू की कीमतों में कमी नहीं आ जाती और राज्य के लोगों को पर्याप्त आलू नहीं मिलने लगता, तबतक कोई भी आलू का ट्रक राज्य के बाहर नहीं जाएगा। इसके बाद से ही बंगाल-झारखंड सीमा पर पुलिस जांच अभियान चला कर आलू लदे ट्रक को वापस भेज रही है। आधिकारियों सूत्रों की मानें तो एक दर्जनों से अधिक ट्रकों को सीमा से वापस भेजा जा चुका है, जबकि कुछ सीमा पर ही खड़े हैं। हालांकि इस मामले को लेकर कोई अधिकारी ज्यादा कोई जानकारी देने से कतरा रहा है। जबकि, ट्रक चालको ने बताया कि अचानक प्रशासन ने ट्रक को रोक कर बताया कि आलू अब बाहर नहीं ले जा सकते। ऐसे में हम लोग क्या करें। कच्चे माल के खराब होने का डर बना हुआ है।



बंगाल-झारखंड सीमा पर ट्रकों की जांच करती पुलिस।

# दहेज हत्या का दोषी पाये जाने पर पति, भसुर एवं गोतनी को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने दहेज हत्या के आरोपी का दोष सिद्ध होने पर आकाश कुमार वर्मा, दामोदर प्रसाद एवं बिजली उर्फ आरती देवी को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि गिरिडीह थाना अंतर्गत सिंदरिया निवासी बासुकीनाथ वर्मा ने चंद्रपुरा थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी बेटी पिंकी कुमारी की शादी चंद्रपुरा के नर्रा निवासी आकाश कुमार वर्मा के साथ 17 दिसंबर 2016 को हुई थी। शादी के तीन-चार महीने बाद ही दामाद आकाश वर्मा ने कहा कि उसे पोल्ट्री फार्म खोलने के लिए 1.5 लाख रुपये चाहिए। तब सूचक ने उसे 25,000 रुपए दिए थे। बावजूद इसके आकाश कई बार रुपए की मांग की। सूचक ने अपने दामाद को रुपए भी दिए। इस बीच पिंकी कुमारी ने अपनी मां को बताया कि उसका पति आकाश वर्मा, भसुर दामोदर महतो एवं गोतनी बिजली देवी उर्फ आरती देवी मिलकर दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करती रहती हैं। ससुराल वालों की मांग पर जब-जब रुपये दिये जाते तो कुछ दिन सब ठीक ठाक रहता था। इसके बाद फिर प्रताड़ित करने लगते थे। इस बीच पता चला कि 31 दिसंबर 2018 को उनकी पुत्री पिंकी कुमारी को आकाश, दामोदर प्रसाद और बिजली देवी उर्फ ने मिलकर हत्या कर दी है। उक्त बयान के आधार पर चंद्रपुरा थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी की न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश सूर्य मणि त्रिपाठी ने दहेज हत्या के मामले में आकाश वर्मा, दामोदर प्रसाद एवं बिजली देवी उर्फ आरती देवी को दोषी पाये जाने के बाद 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/02 BD(DE)/2024-25**
**Letter no-762 Date- 28/11/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Solar Lift Irrigation Scheme at Kanjiya Block- Mandar, District- Ranchi. |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.** 92,35,900.00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000.00** only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 92,500.00** only. |
| 5 | Time of Completion | 11 Months |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in (As per SOP Issued by Information Technology & e- Governance Department, Govt of Jharkhand vide letter no- 120 Dated 03.10.2023) |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (**http://jharkhandtenders.gov.in**) | Date: 20.12.2024 Time: 2.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 26.12.2024 Time: 5.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-20.12.2024 Time:- 2.00 PM<br>Last Date:- 26.12.2024 Time:- 5.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: 28.12.2024 Time: 2.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ranchi |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-3512781 |

**Note:-**
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(AC/DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 340783 Minor Irrigation(24-25)#D

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Ranchi**


## सड़क पर अधमरी हालत में पड़ी दो महिलाओं के लिए देवदूत बनकर पहुंचे धनबाद डालसा के सदस्य



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के आदेश पर वृद्धा आश्रम के निरीक्षण पर निकले अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने सड़क पर पड़ी दो वृद्ध महिलाओं को तुरंत ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। बतातें चलें कि न्यायाधीश व एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट वृद्ध आश्रम निरीक्षण के लिए जा रहे थे। तभी सबलपुर वृद्धाश्रम के समीप सड़क किनारे दो महिलाओं को असहाय अवस्था में पड़ा देखा। उनके पास जाकर पूछताछ की तो पता चला कि घर वालों ने उन्हें घर से निकाल दिया है। दोनों के शरीर के पिछले हिस्से में बहुत गंभीर चोट लगने से बने घाव में कीड़े तक पड़ गये हैं। इस पर न्यायाधीश ने तुरंत कार्रवाई करते हुए डालसा की एक टीम गठित की और प्रभारी अधीक्षक एसएनएमसीएच डॉ यूके ओझा से बात कर दोनों महिलाओं को रेस्क्यू कराकर इलाज के लिए महिला वार्ड में भर्ती करवाया है।

# मंगल मुंडा का जाना झारखंड सहित पूरे जनजातीय समाज के लिए अपूरणीय क्षति : डॉ लंबोदर महतो

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर भी पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। कहा कि उनका जाना झारखंड सहित पूरे जनजातीय समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। दूसरी ओर, बिहार सरकार में मंत्री रहे स्वर्गीय छत्रु राम महतो के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पैतृक गांव सदमा कलां में आयोजित ब्रह्मभोज संस्कार में शामिल होकर डॉ लंबोदर महतो ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परमात्मा से दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की इस घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।



## नावागढ़ एमसीए विद्यालय का स्कूली वैन दुर्घटनाग्रस्त, चालक हुआ घायल




**कतरास (आजाद सिपाही)।** राजगंज-महुदा फोरलेन पर मधुबन थाना अंतर्गत आकृति पांडेय होटल के पास शुक्रवार की सुबह मॉडर्न चिल्ड्रन एकेडमी नावागढ़ का स्कूल वैन बिजली के खंभे से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हालांकि गनीमत रही कि जिस समय हादसा हुआ, स्कूल वैन में कोई बच्चा मौजूद नहीं है। वहीं, घटना चालक जीतू बाउरी को आंशिक चोट लगी है। उसका इलाज कतरास के एक नर्सिंग होम में चल रहा है। इसकी सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वैन को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई। बताया जाता है कि चालक वैन लेकर स्कूली बच्चों को लाने महुदा जा रहा था। घटनास्थल के पास एक गाय को बचाने के चक्कर में वाहन पोल से टकरा गई। चालक की सूचना पर विद्यालय के प्राचार्य केएन सिंह मौके पर पहुंचे और जीतू को अस्पताल भिजवाया।

# बालू के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीएमओ

### बालू के काले कारोबार पर प्रशासन, माइनिंग एवं सीओ मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** दामोदर नदी से बालू की अवैध तस्करी धड़ल्ले से जारी है। आरोप है कि जिला खनन विभाग से लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं बाघमारा सीओ तक को इसकी पूरी जानकारी है। बावजूद इसके बालू तस्करी पर रोक या तस्करों पर कार्रवाई को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। सूत्रों की माने तो पश्चिम बंगाल व झारखंड के अन्य जिलों के चालान पर लोकल स्तर पर धड़ल्ले से बालू की तस्करी की जा रही है। इससे होने वाली कमाई में सभी का हिस्सा बंधा हुआ है। चर्चा है कि जब कोई बालू माफिया समय पर चढ़ावा नहीं देता है तो उसके बालू लदे वाहन को जब्त कर लिया जाता है। यह भी आरोप है कि जिला स्तर पर कोई अधिकारी आते हैं तो बालू तस्करों के खिलाफ एक-दो दिन कार्रवाई तो होती है। लेकिन बाद में स्थिति जस की तस हो जाती है। महुदा में दामोदर नदी के तेलमोचो, डोंगा घाट और कुंजी सहित अन्य घाटों से भारी मात्रा में बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है। इससे नदी के अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगा है। दूसरी ओर, धनबाद डीएमओ रितेश राज तिग्गा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि महुदा क्षेत्र के जिन घाटों से बालू तस्करी हो रही हैं, उस पर अविलंब कार्रवाई करेंगे। साथ ही सभी बालू स्टॉक की जांच कर जो भी इसमें संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया जाएगा।




**कार्यालय, जिला स्वास्थ्य समिति-अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।**

पत्रांक 175 / लोहरदगा, दिनांक 28.11.2024।

**सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में लोहरदगा जिला के मोतियाबिंद रोग से ग्रसित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के आधार पर निबंधित स्वयं सेवी संस्थाओं को MOU करने हेतु दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक आमंत्रित किया जाता है।

नियम एवं शर्तें :–

**Voluntary Organization/NGO:** For the purpose of all the above schemes, a voluntary organization will mean;

a) A Society registered under the Indian Societies Registration Act, 1860 (Act XXI of 1860 or any such act resolved by the State) or a charitable public trust registered under any law for the time being in force;
b) Track record of having experience in providing health services preferably eye care services over a minimum period of 3 year;
c) Properly constituted managing body with its powers duties and responsibilities clearly defined and laid down in a written constitution.
d) Services open to all without distinction of caste, creed, religion or language
e) Having available well trained staff, infrastructure and the required managerial expertise to organize and carry out various activities under the scheme; and
f) Agreeing to abide by the guidelines and the norms of the program.
g) Registration on Darpan Portal of NitiAyog.

इच्छुक स्वयं सेवी संस्थान विस्तृत जानकारी हेतु अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–
सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति–अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा

PR.NO.340818 Lohardaga(24-25):D


### सीसीएल ढोरी में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# खान सुरक्षा के बेहतर प्रबंधन के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना चाहिए : एनपी देवरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल ढोरी के जीएम कॉलोनी स्थित ऑफिसर क्लब में शुक्रवार को त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक हुई. जिसमें कोडरमा रिजन के डीएमएस एनपी देवरी, डीडीएमएस इलेक्ट्रिकल रूपेश मेहता, सीसीएल आईएसओ बीपी सिंह, एरिया महाप्रबंधक रंजय सिंहा, एसओ माइनिंग मनोज कुमार पाठक, स्टाफ अधिकारी खान सुरक्षा मनोज सिंह व क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल थे। बैठक की अध्यक्षता एनपी देवरी और संचालन ड्यूटी मैनेजर ज्ञानदीप कुमार ने की। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी मनोज सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन और परिपालन की समीक्षा की। प्रोजेक्टर के माध्यम से मशीनों की स्थिति, माइंस के हॉल रोड, उत्पादन ग्राफ आदि दिखाया। वहीं, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्यों ने खनन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किया। कहा कि चालक, फोरमैन, माइनिंग सरदार और ओवरमैन की कमी है। विगत दिनों एसडीओसीएम परियोजना में हुए दुर्घटना पर दुखः भी व्यक्त किया। कहा कि खान में सुरक्षा के लिए कामगारों को लगातार जानकारी दी जाए। खदानों, घर और रास्ते में सुरक्षा सहित हाईवाल की समस्या का निदान करने, प्रत्येक परियोजना में हॉल रोड बनाने, लाइट व्यवस्था करने, पेयजल और प्रदूषण की दुरुस्त व्यवस्था करने, परियोजना में कोई भी वाहन चलाए समय सीट बेल्ट लगाने आदि मांगें विस्तार पूर्वक रखीं। केंद्रीय अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए सभी आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने की भी मांग की गयी। इस अवसर पर खान सुरक्षा निदेशक ने एसडीओसीएम परियोजना में 18 नवंबर को दुघटना में गणेश महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया। कहा कि हमने कीमती हीरा खो दिया है। साथ ही ढ़ोरी क्षेत्र को खनन सुरक्षा के मापदंडों पर एक मॉडल परियोजना के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खान सुरक्षा के बेहतर प्रबंधन के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने खदान सुरक्षित रखने व स्थाई मजदूरों सहित ठेका मजदूरों का जीवन सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। खान सुरक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित खान सुरक्षा नियमों के क्रियान्वयन और परिपालन स्थिति की समीक्षा की। कहा कि प्रबंधन शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को लेकर सुरक्षित उत्पादन करें। वहीं, क्षेत्रीय महाप्रबंधक रंजय सिन्हा ने निदेशक माईन्स सेफ्टी को आश्वस्त करते हुए बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही कोयला उत्पादन किया जा रहा है। खान सुरक्षा को लेकर प्रबंधन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने खनन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सभी सुझावों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कहा कि बैठक में सुरक्षा को लेकर जो सुझाव सामने आए हैं, उन पर अमल करते हुए शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के साथ सुरक्षित उत्पादन करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन एसओ एक्सवेशन यूके पासवान ने किया। मौके पर पीओ कल्याणी शैलेश प्रसाद, पीओ ढोरी खास रंजीत कुमार, एरिया क्वालीटी आफिसर एएल यादव, खान प्रबंधक एएडीओसीएम मुनीनाथ सिंह, कार्यवाहक एसओपी सुरेश सिंह, सीएमओ डॉक्टर आरएन झा, एसओसी मनोज कुमार, कार्यवाहक एसओ ईएंडएम अखिल उज्जवल, पीई एके दास, एससी सिंहा, अभिषेक कुमार, इनमोसा के क्षेत्रीय सचिव पवन कुमार सिंह, झाकोकायू के जोनल सचिव बैजनाथ महतो, जनता मजदूर संघ के घीरज पाण्डेय, एचएमकेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, यूकोवयू के एरिया सचिव भीम महतो, आरकेएमयू के महारुद्र सिंह, बीएमएस के हीरालाल रविदास, सीएमयू के एरिया अध्यक्ष राजू भूखिया, एजेकेएसएस के नरेश महतो, झाकोश्रयू के हरखलाल महतो, आउटसोर्सिंग के पिंटू सिंह आदि उपस्थित थे।




**Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)**
**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**Regd. Off: 3rd floor, JIADA building, Namkum Industrial Estate, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010, E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in**

**Letter No:-858** **Date-29.11.2024**

**e- Procurement Notice**

Ref. No. - **JIADA/15/Daltonganj/2024-25**

JIADA invites separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for **Construction of Road widening, Bituminous Layer Over PCC Road, Cross Drain and Drain at Daltonganj Industrial Area JIADA** Interested eligible bidders are requested to submit their proposal through e-procurement portal latest by 3.00 PM on 21.12.2024.

The details of Tender Documents can be seen and applied through website http://Jharkhandtenders.gov.in only. Tender notification and Tender Document can also be seen (read only purpose) from departmental website

Sd/-
Secretary
JIADA, Ranchi.

PR 340756 RIADA(24-25)#D

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या:- 15/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–28-11-2024**

**कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।**

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ GUMLA/ UNT/04 / 2024-25 | Construction of Approach Road for District Collectorate Gumla. | 34.681 | चौंतीस लाख अड़सठ हजार एक सौ रूपया मात्र। | 03 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 05.12.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–16.12.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 18.12.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 340811 Rural Work Department(24-25).D

# भुवनेश्वर में शुरू हुई डीजीपी कॉन्फ्रेंस

● गृह मंत्री और सभी राज्यों के डीजीपी मौजूद हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शुक्रवार को भुवनेश्वर लोकसेवा भवन में डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस शुरू हो गयी। इसमें पूरे देश के डीजीपी-आइजीपी शामिल हुए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने लोक सेवा भवन में सम्मेलन का उद्घाटन किया। कॉन्फ्रेंस 3 दिनों तक चलेगी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद हैं। सम्मेलन में देश की आंतरिक सुरक्षा पर चर्चा होगी। जानकारी के मुताबिक 59वीं डीजीपी-आइजीपी कॉन्फ्रेंस आज से भुवनेश्वर लोकसेवा भवन में शुरू हो गया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। डीजीपी सम्मेलन में तीन दिनों तक भारत की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा और मंथन की जायेगी। सभी राज्यों के डीजी और आईजीपी और विभिन्न सुरक्षा बलों के प्रमुख इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।



## भुवनेश्वर पहुंचे एनएसए अजीत डोभाल



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भुवनेश्वर पहुंच गये हैं। वह ओड़िशा में आयोजित हो रहे डीजीपी-आइजीपी सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को भुवनेश्वर पहुंचे। भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पुलिस महानिदेशक वाइबी खुरानिया ने उनका स्वागत किया।

## भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम मोदी

**आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिसंबर तक ओड़िशा के भुवनेश्वर में लोक सेवा भवन के राज्य कन्वेंशन सेंटर में पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन 2024 में भाग लेंगे। एक दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों पर विचार-विमर्श किया जायेगा, जिसमें आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, नारकोटिक्स आदि शामिल हैं। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किया जायेगा। यह सम्मेलन देश के वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े



विविध मुद्दों पर स्वतंत्र रूप से चर्चा और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए एक संवादात्मक मंच प्रदान करेगा। साथ ही भारत में पुलिस के सामने आने वाली विभिन्न परिचालन, अवसंरचना और कल्याण संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा होगी। विचार-विमर्श में आंतरिक सुरक्षा खतरों के अलावा अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों से निपटने में पेशेवर कार्यप्रणालियों और प्रक्रिया निर्माण और साझाकरण भी शामिल होगा।

प्रधानमंत्री सदैव डीजीपी सम्मेलन में शामिल होने के इच्छुक रहे हैं। प्रधानमंत्री न केवल सभी के योगदानों को ध्यान से सुनते हैं, बल्कि स्वतंत्र और अनौपचारिक चचाओं के वातावरण के पक्ष में रहते हैं, जिससे नये विचारों का उदय होता है। इस वर्ष, सम्मेलन में कुछ विशिष्ट विशेषताएं भी शामिल की गयी हैं। योग सत्र, व्यावसायिक सत्र, ब्रेक-आउट सत्र और विषयगत व्यंजन तालिकाओं से प्रारंभ होकर पूरे दिन का सकारात्मक रूप से उपयोग किया जायेगा। इससे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को देश को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण पुलिस और आंतरिक सुरक्षा मामलों पर अपने दृष्टिकोण और सुझाव प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने का एक मूल्यवान अवसर प्राप्त होगा। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृह राज्य मंत्री, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे।

# ओड़िशा के बाजार में जिंदल पैंथर सीमेंट ने प्रवेश किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/पुरी।** जिंदल पैंथर सीमेंट, जो अपने नवाचार और बेहतर गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, ने कल पुरी में आयोजित एक लॉन्च कार्यक्रम के माध्यम से ओडिशा सीमेंट बाजार में अपनी शुरुआत की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ, इसने पूर्वी भारत में निर्माण क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए अपने अत्याधुनिक अंगुल सीमेंट प्लांट के शुभारंभ का भी जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में जिंदल पैंथर सीमेंट के तीन प्रीमियम वेरिएंट बाजार में बिक्री के लिए उतारे गए हैं। जिंदल पैंथर कंक्रीट अल्टिमा (पीएससी सीमेंट), जिंदल पैंथर शील्ड (पीएससी) और जिंदल पैंथर शील्ड (सीसी सीमेंट) बाजार में उपलब्ध होंगे। जिंदल पैंथर का कंक्रीट अल्टिमा मजबूत है, क्षरण प्रतिरोधी है, और इसकी पैकेजिंग बेहद सुरक्षित है। इसी तरह, जिंदल पैंथर शील्ड (पीएससी) सीमेंट बेहतर फिनिश देता है, क्लोराइड और सल्फेट हमले के लिए प्रतिरोधी है, और अधिक टिकाऊ है। जिंदल पैंथर शील्ड (सीसी सीमेंट) की फिनिशिंग




उत्कृष्ट, पर्यावरण अनुकूल और लंबे समय तक चलने वाली है।

अंगुल सीमेंट प्लांट 1.5 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ चालू है, जिसे 2026 तक 3 मिलियन टन तक बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, रायगढ़ के सीमेंट प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता 1 मिलियन टन है और अब कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 2.5 मिलियन टन है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और पर्यावरण-अनुकूल प्रणालियों वाला यह संयंत्र स्थिरता और ऊर्जा-दक्षता के प्रति जिंदल पैंथर सीमेंट की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

अंगुल संयंत्र ओडिशा, पश्चिमबंग, बिहार और अन्य पड़ोसी राज्यों की बढ़ती सीमेंट मांग और बुनियादी ढांचे के निर्माण की जरूरतों को पूरा करेगा।

जिंदल पैंथर सीमेंट के सीईओ रोहित वोरा ने कहा कि अंगुल सीमेंट प्लांट कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। अत्याधुनिक तकनीक और पर्यावरण-अनुकूल प्रणालियों से संचालित यह संयंत्र मजबूत, बेहतर और लंबे समय तक चलने वाली गुणवत्ता वाला सीमेंट बनाने में सक्षम है। श्री वोरा ने गुणवत्ता और स्थिरता में नए उद्योग मानक स्थापित करने के साथ-साथ भारत में निर्माण क्षेत्र को मजबूत करने पर जोर दिया।

# बिजली का तार बिछा कर जंगली जानवरों का शिकार करना अपराध

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला जंगली जानवरों का शिकार एक दंडनीय अपराध है। हमारे देश और राज्य में विभिन्न कानूनों में शिकारियों को दंडित करने के प्रावधान हैं। समय आ गया है कि लोग कानून से ऊपर उठें और वन्यजीवों के अवैध शिकार के खिलाफ आवाज उठाएं और इसे एक आंदोलन में बदल दें।

सरकार की सख्त नीति के बाद अवैध बंदूकों के इस्तेमाल पर रोक लगने के बाद अब शिकारी नए-नए तरीके अपना रहे हैं। बिजली का उपयोग करके जंगली जानवरों का शिकार करने का उदाहरण दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। बिजली वितरण कंपनी के रूप में लोगों को बिजली सेवाएं प्रदान करने के लिए पश्चिमी ओडिशा के 47,000 वर्ग किलोमीटर के भौगोलिक क्षेत्र में बिजली वितरण के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है और बिजली के इस वितरण के लिए उपयोग की जाने वाली बिजली आपूर्ति लाइन को जंगल के माध्यम से एक छोर से दूसरे छोर तक खींचा गया है। इसका फायदा उठाते हुए, कुछ बेईमान लोगों को उन बिजली की तारों से अनैतिक रूप से हुक गिराकर और घने जंगल में तार बिछाकर जंगली जानवरों का शिकार करते देखा जाता है।

इसे हर साल मीडिया द्वारा व्यापक रूप से प्रचारित किया जाता है, विशेष रूप से सर्दियों और वसंत के मौसम में। इस संदर्भ में हम सभी जनता और बुद्धिजीवियों के ध्यान में लाना चाहते हैं कि बिजली सेवा एक अपरिहार्य सेवा है। इसकी निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ उठाते हुए, यदि कुछ असामाजिक तत्व ऐसी अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होते हैं, तो कानून के अनुसार कार्य करना प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी है। चालू बिजली लाइनों पर हुक लगाना न केवल कानून द्वारा दंडनीय है, बल्कि खतरनाक भी है। इससे मानव जीवन को भी खतरा हो सकता है. पिछले कुछ दिनों में इन अनैतिक बिजली के तारों के संपर्क में आकर कुछ लोगों की जान चली गई है और कई लोग दुर्घटनाओं का भी शिकार हो चुके हैं।

राज्य के वन विभाग के कर्मचारी और हमारी कंपनी के मैदानी अमले के समन्वय से हाथियों की गतिविधियों का अध्ययन करने के बाद समय-समय पर बिजली की लाइनें काट दी जाती हैं। जिसके कारण उस क्षेत्र के निवासी कुछ समय के लिए बिजली सेवा पाने से भी वंचित हो जाते हैं. हमारी कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रचार गतिविधियाँ भी करती है जैसे कि पोस्टर और बैनर लगाना, पर्चे वितरित करना, डाक बाजी जंत्र के माध्यम से लोगों को जागरूक करना आदि।

सृष्टि के प्राकृतिक तरीके के अनुसार, ये प्राणी जन्म से लेकर मृत्यु तक घने जंगल में रहते हैं। इसलिए, ऐसे बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हर बिजली उपभोक्ता और समाज का हर वर्ग इस सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान देगा और दूसरों को इस तरह के अनैतिक कार्यों में शामिल न होने के लिए प्रेरित करेगा। यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार कार्य करने की योजना संज्ञान में आती है, तो एक स्वस्थ नागरिक के रूप में हमारा विनम्र अनुरोध है कि वन विभाग, पुलिस विभाग या विद्युत वितरण कंपनी को सही समय पर सूचित करें।

# वेदांता लांजीगढ़ ने 6वें आइसीसी राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पुरस्कार में शीर्ष स्थान प्राप्त किया

## स्टील एवं खनन क्षेत्र श्रेणी में भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स से मिला प्लेटिनम पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लांजीगढ़, कालाहांडी।** भारत के प्रमुख स्मेल्टर-ग्रेड एल्युमिना उत्पादक और वेदांता एल्युमीनियम की इकाई वेदांता लांजीगढ़ को भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (आइसीसी) द्वारा प्रदान किये गये 6वें आइसीसी राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पुरस्कारों में स्टील एवं खनन क्षेत्र श्रेणी में प्लेटिनम पुरस्कार मिला है। यह सम्मान कार्यस्थल पर शून्य हानि सुनिश्चित करने के प्रति कंपनी के अटूट समर्पण का प्रमाण है।

इस पुरस्कार का उद्देश्य व्यवसायों को स्वस्थ एवं सुरक्षित व्यावसायिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है। वेदांता लांजीगढ़ कई ऐसी प्रथाओं को लागू करने में सबसे आगे रहा है, जिसके लिए उन्हें इस वर्ष प्रशंसा मिली है। इनमें शामिल हैं: कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को सुरक्षा नीतियों का सक्रिय संचार। सुरक्षित कार्य पद्धतियों का कठोर प्रवर्तन और सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों का कार्यान्वयन। कार्यस्थलों पर



उचित खतरे की पहचान और जोखिम मूल्यांकन। ऊंचाई पर काम, सीमित स्थान, क्रेन और लिफ्टिंग, विद्युत सुरक्षा, अलगाव, उत्खनन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई), वाहन ड्राइविंग और कार्य परमिट, रेल लॉजिस्टिक्स आदि जैसे सुरक्षा मॉड्यूल को बढ़ावा देना।

इस सम्मान पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता लिमिटेड के एल्युमिना बिजनेस के सीईओ श्री प्रणब कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि आइसीसी के राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा पुरस्कारों में प्लेटिनम पुरस्कार हमारी रिफाइनरी में श्रमिकों की सुरक्षा को बढ़ावा देने में हमारे अथक प्रयासों को मान्यता देता है। यह पुरस्कार हमें कार्यस्थल पर सुरक्षा के सबसे सख्त मानकों को सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

वेदांता लांजीगढ़ को कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं को विकसित करने के लिए कई पुरस्कार मिले हैं। इनमें 9वां एपेक्स इंडिया उत्कृष्टता और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पुरस्कार, 2024 और ट्रांसफॉर्मेंस फोरम पुरस्कार शामिल हैं।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी करार, सहायक अध्यापक जेल भेजा गया

**कंधमाल।** कंधमाल जिले के दुकुलमिला न्यू प्राइमरी स्कूल के सहायक शिक्षक और प्रभारी प्रधानाध्यापक-सह-स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव बिभु नंदन केशरी नायक को सतर्कता भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया है। विशेष न्यायाधीश, सतर्कता, फूलबनी ने आज नायक को दोषी ठहराया। अदालत ने दोषी को 4 साल की कठोर कारावास और 10,000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनायी है। उसे जेल भेज दिया गया है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**